■ **संक्षिप्त पद्मपुराण (कोड नं० 44) ग्रन्थाकार**—इस पुराणमें भगवान् विष्णुकी विस्तृत महिमाके साथ, भगवान् श्रीराम तथा श्रीकृष्णके चरित्र, विभिन्न तीर्थोंका माहात्म्य, शालग्रामका स्वरूप, तुलसी-महिमा तथा विभिन्न व्रतोंको सुन्दर वर्णन है। मूल्य रु० १२०

■ **संक्षिप्त श्रीमद्देवीभागवत (मोटा टाइप) कोड नं०1133, ग्रन्थाकार**—यह पुराण परम पवित्र वेदकी प्रसिद्ध श्रुतियोंके अर्थसे अनुमोदित, अखिल शास्त्रोंके रहस्यका स्रोत तथा आगमोंमें अपना प्रसिद्ध स्थान रखता है। यह सर्ग, प्रतिसर्ग, वंश, वंशानुकीर्ति, मन्वन्तर आदि पाँचों लक्षणोंसे पूर्ण हैं। पराम्बा भगवतीके पवित्र आख्यानोंसे युक्त यह पुराण त्रितापोंका शमन करनेवाला तथा सिद्धियोंका प्रदाता है। सचित्र, सजिल्द, मूल्य रु० १३० (कोड नं० 1326) गुजरातीमें भी उपलब्ध।

■ **श्रीविष्णुपुराण (सानुवाद) कोड नं० 48, ग्रन्थाकार**—श्रीपराशर ऋषि-प्रणीत यह पुराण अत्यन्त महत्त्वपूर्ण है। इसके प्रतिपाद्य भगवान् विष्णु हैं, जो सृष्टिके आदिकारण, नित्य, अक्षय, अव्यय तथा एकरस हैं। इसमें आकाश आदि भूतोंका परिमाण, समुद्र, सूर्य आदिका परिमाण, पर्वत, देवतादिकी उत्पत्ति, मन्वन्तर, कल्प-विभाग, सम्पूर्ण धर्म एवं देवर्षि तथा राजर्षियोंके चरित्रका विशद वर्णन है। भगवान् विष्णु प्रधान होनेके बाद भी यह पुराण विष्णु और शिवके अभिन्नताका प्रतिपादक हैं। सचित्र, सजिल्द, मूल्य रु० ८० (कोड नं० 1364) केवल हिन्दी अनुवादमें भी उपलब्ध। मूल्य रु० ५५

■ **संक्षिप्त नारदपुराण (कोड नं० 1183) ग्रन्थाकार**—इसमें सदाचार-महिमा, वर्णाश्रम धर्म, भक्ति तथा भक्तके लक्षण, विविध प्रकारके मन्त्र, देवपूजन, तीर्थ-माहात्म्य, दान-धर्मके माहात्म्य और भगवान् विष्णुकी महिमाके साथ अनेक भक्तिपरक उपाख्यानोंका विस्तृत वर्णन किया गया है। सचित्र, सजिल्द। मूल्य रु० १००

■ **संक्षिप्त स्कन्दपुराणाङ्क (कोड नं० 279) ग्रन्थाकार**—यह पुराण कलेवरकी दृष्टिसे सबसे बड़ा है तथा इसमें लौकिक और पारलौकिक ज्ञानके अनन्त उपदेश भरे हैं। इसमें धर्म, सदाचार, योग, ज्ञान तथा भक्तिके सुन्दर विवेचनके साथ अनेकों साधु-महात्माओंके सुन्दर चरित्र पिरोये गये हैं। आज भी इसमें वर्णित आचारों, पद्धतियोंके दर्शन हिन्दू समाजके घर-घरमें किये जा सकते हैं। इसके अतिरिक्त इसमें भगवान् शिवकी महिमा, सती-चरित्र, शिव-पार्वती-विवाह, कार्तिकेय जन्म, तारकासुर-वध, आदिका मनोहर वर्णन है। सचित्र, सजिल्द। मूल्य रु० १५०

■ **सं० ब्रह्मपुराण (कोड नं० 1111) ग्रन्थाकार**—इस पुराणमें सृष्टिकी उत्पत्ति, पृथुका पावन चरित्र, सूर्य एवं चन्द्रवंशका वर्णन, श्रीकृष्णचरित्र, कल्पान्तजीवी मार्कण्डेय मुनिका चरित्र, तीर्थोंका माहात्म्य एवं अनेक भक्तिपरक आख्यानोंकी सुन्दर चर्चा की गयी है। भगवान् श्रीकृष्णकी ब्रह्मरूपमें विस्तृत व्याख्या होनेके कारण यह ब्रह्मपुराणके नामसे प्रसिद्ध है। सचित्र, सजिल्द। मूल्य रु० ७०

■ **सं० मार्कण्डेयपुराण (कोड नं० 539) ग्रन्थाकार—** भगवतीकी विस्तृत महिमाका परिचय देनेवाले इस पुराणमें दुर्गासप्तशतीकी कथा एवं माहात्म्य, हरिश्चन्द्रकी कथा, मदालसा-चरित्र, अत्रि-अनसूयाकी कथा, दत्तात्रेय-चरित्र आदि अनेक सुन्दर कथाओंका विस्तृत वर्णन है। मूल्य रु० ५५

■ **नरसिंह पुराणम्—सचित्र, सजिल्द, कोड नं० 1113, ग्रन्थाकार—** इस पुराणमें दशावतारकी कथाएँ एवं सात काण्डोंमें भगवान् श्रीरामके पावन चरित्रके साथ सदाचार, राजनीति, वर्णधर्म, आश्रम-धर्म, योग-साधना आदिका सुन्दर विवेचन किया गया है। इसके अतिरिक्त इसमें भगवान् नरसिंहकी विस्तृत महिमा, अनेक कल्याणप्रद उपाख्यानोंका वर्णन, भौगोलिक वर्णन, सूर्य-चन्द्रादिसे उत्पन्न राजवंशोंका वर्णन तथा अनेक स्तुतियोंका सुन्दर उल्लेख है। मूल्य रु० ६०

■ **सं० गरुडपुराण—सचित्र, सजिल्द, कोड नं० 1189, ग्रन्थाकार —** इस पुराणके अधिष्ठातृ देव भगवान् विष्णु हैं। इसमें ज्ञान, भक्ति, वैराग्य, सदाचार, निष्काम कर्मकी महिमाके साथ यज्ञ, दान, तप, तीर्थ आदि शुभ कर्मोंमें सर्व साधारणको प्रवृत्त करनेके लिये अनेक लौकिक एवं पारलौकिक फलोंका वर्णन किया गया है। इसके अतिरिक्त इसमें आयुर्वेद, नीतिसार आदि विषयोंका वर्णन और जीवात्माके कल्याणके लिये मृत जीवके अन्तिम समयमें किये जानेवाले कर्मोंका विस्तारसे निरूपण किया गया है। मूल्य रु० ९०

■ **सं० भविष्यपुराण—सचित्र, सजिल्द, कोड नं० 584, ग्रन्थाकार—** यह पुराण विषय-वस्तु एवं वर्णन शैलीकी दृष्टिसे अत्यन्त उच्च कोटिका है। इसमें धर्म, सदाचार, नीति, उपदेश, अनेकों आख्यान, व्रत, तीर्थ, दान, ज्योतिष एवं आयुर्वेद शास्त्रके विषयोंका अद्भुत संग्रह है। वेताल-विक्रम-संवादके रूपमें कथा-प्रबन्ध इसमें अत्यन्त रमणीय है। इसके अतिरिक्त इसमें नित्यकर्म, संस्कार, सामुद्रिक लक्षण, शान्ति तथा पौष्टिक कर्म, आराधना और अनेक व्रतोंका भी विस्तृत वर्णन है। मूल्य रु० ९०

■ **संक्षिप्त श्रीवराहपुराण (कोड नं० 1361) ग्रन्थाकार—** इस पुराणमें भगवान् श्रीहरिके वराह अवतारकी मुख्य कथाके साथ अनेक तीर्थ, व्रत, यज्ञ, दान, आदिका विस्तृत वर्णन किया गया है। इसमें भगवान् नारायणका पूजन-विधान, शिव-पार्वतीकी कथाएँ, वराहक्षेत्रवर्ती आदित्यतीर्थोंकी

महिमा, मोक्षदायिनी नदियोंकी उत्पत्ति और माहात्म्य एवं त्रिदेवोंकी महिमा आदिपर भी प्रकाश डाला गया है। 'कल्याण' वर्ष ५१, (सन् १९७७)-में प्रकाशित इस पुराणको बड़े टाइपमें विभिन्न चित्रों और आकर्षक लेमिनेटेड आवरण-पृष्ठके साथ प्रकाशित किया गया है। मूल्य रु० ६०

■ **सं० ब्रह्मवैवर्तपुराण—सचित्र, सजिल्द, कोड नं० 631, ग्रन्थाकार —** इस पुराणमें चार खण्ड हैं—ब्रह्मखण्ड, प्रकृतिखण्ड, श्रीकृष्णजन्मखण्ड और गणेशखण्ड। इसमें भगवान् श्रीकृष्णकी लीलाओंका विस्तृत वर्णन, श्रीराधाकी गोलोक-लीला तथा अवतार लीलाका सुन्दर विवेचन, विभिन्न देवताओंकी महिमा एवं एकरूपता और उनकी साधना-उपासनाका सुन्दर निरूपण किया गया है। अनेक भक्तिपरक आख्यानों एवं स्तोत्रोंका भी इसमें अद्भुत संग्रह है। मूल्य रु० १२०

■ **वामनपुराण—सचित्र, सटीक, सजिल्द, कोड नं० 1432 ग्रन्थाकार—** यह पुराण मुख्यरूपसे त्रिविक्रम भगवान् विष्णुके दिव्य माहात्म्यका व्याख्याता है। इसमें भगवान् वामन, नर-नारायण, भगवती दुर्गाके उत्तम चरित्रके साथ भक्त प्रह्लाद तथा श्रीदामा आदि भक्तोंके बड़े रम्य आख्यान है। इसके अतिरिक्त शिवजीका लीला-चरित्र,जीवमूत वाहन-आख्यान, दक्ष-यज्ञ विध्वंस, हरिका कालरूप, कामदेव-दहन, अंधक-वध, लक्ष्मी-चरित्र, प्रेतोपाख्यान, विभिन्न व्रत, स्तोत्र और अन्तमें विष्णुभक्तिके उपदेशोंके साथ इस पुराणका उपसंहार हुआ है। मूल्य रु० ७५

■ **अग्निपुराण (कोड नं० 1362) सचित्र, सजिल्द, ग्रन्थाकार—** विषयकी विविधता एवं लोकोपयोगिताकी दृष्टिसे इस पुराणका विशेष महत्त्व है। इसमें परा-अपरा विद्याओंका वर्णन, महाभारतके सभी पर्वोंकी संक्षिप्त कथा, रामायणकी संक्षिप्त कथा, मत्स्य, कूर्म आदि अवतारोंकी कथाएँ, सृष्टि-वर्णन, दीक्षा-विधि, वास्तु-पूजा, विभिन्न देवताओंके मन्त्र आदि अनेक उपयोगी विषयोंका अत्यन्त सुन्दर प्रतिपादन किया गया है। मूल्य रु० १२०

■ **गर्गसंहिता—सचित्र, सजिल्द, कोड नं० 517, ग्रन्थाकार—** यह ग्रन्थ यदुकुलके महान् आचार्य महामुनि श्रीगर्गकी रचना है। इसमें श्रीमद्भागवतमें सूत्ररूपसे वर्णित श्रीराधाकृष्णकी लीलाओंका विस्तृत वर्णन किया गया है। श्रीराधाजीके दिव्य आकर्षणसे आकर्षित भगवान् श्रीकृष्णका रासरासेश्वरी

श्रीराधा एवं गोपिकाओंके साथ रासलीलाका इतना सुन्दर और सरस वर्णन अन्यत्र दुर्लभ है। पूर्वजन्ममें गोपिकाओंद्वारा श्रीकृष्ण-प्रेमकी प्राप्तिके लिये की गयी तपस्या तथा उनकी सरस कथाओंका भी इसमें सुन्दर वर्णन किया गया है। भगवान् श्रीकृष्णके अनुरागी भक्तोंके लिये यह दिव्य ग्रन्थ नित्य स्वाध्यायका विषय है। मूल्य रु० ८०

मत्स्यमहापुराण-सानुवाद (कोड नं० 557) सचित्र, सजिल्द, ग्रन्थाकार— इस पुराणमें मत्स्यावतारकी कथाके साथ सृष्टि वर्णन, मन्वन्तर तथा पितृवंशवर्णन, ययाति चरित्र, राजनीति, यात्राकाल, शकुन-शास्त्र आदि अनेक उपयोगी विषयोंका संग्रह है। मूल्य रु० १५०

कूर्मपुराण-सानुवाद (कोड नं० 1131) सचित्र, सजिल्द, ग्रन्थाकार— इस पुराणमें भगवान्‌के कूर्मावतारकी सृष्टि-वर्णन, वर्ण, आश्रम और उनके कर्त्तव्योंका वर्णन, युग धर्म, मोक्षके साधन, २८ व्यासोंकी कथाएँ आदि विविध विषयोंका सुन्दर प्रतिपादन किया गया है। मूल्य रु० ८०

उपनिषद् और दर्शन-साहित्य—

■ **पातञ्जलयोग-प्रदीप (कोड नं० 47) ग्रन्थाकार—** श्रद्धेय श्रीओमानन्द महाराजद्वारा प्रणीत इस ग्रन्थमें पातञ्जलयोग सूत्रोंकी व्याख्या तत्त्ववैशारदी, भोजवृत्ति तथा योगवार्तिकके अनुसार विस्तृत रूपसे की गयी है। इसमें उपनिषदों तथा भारतीय दर्शनोंके विभिन्न तत्त्वोंकी सुन्दर समालोचना है। इसकी व्याख्या सरल तथा सुगम है। भूमिकारूपमें षड्दर्शन समन्वय तथा तत्त्वविश्लेषण प्रणालीसे यह ग्रन्थ और भी उपयोगी हो गया है। यह योग-दर्शनके जिज्ञासुओंके लिये नित्य पठनीय है। सचित्र, सजिल्द। मूल्य रु० ९०

■ **छान्दोग्योपनिषद्— सजिल्द, कोड नं० 582, पुस्तकाकार—** सामवेदीय तलवकार ब्राह्मणके अन्तर्गत वर्णित यह उपनिषद् बहुत ही महत्त्वपूर्ण है। इसकी शैली अत्यन्त क्रमबद्ध और युक्तिपूर्ण है। इसमें तत्त्वज्ञान और तदुपयोगी कर्म तथा उपासनाओंका बड़ा ही सुन्दर वर्णन है। सानुवाद,शाङ्करभाष्य। मूल्य रु० ७०

■ **ईशावास्योपनिषद् (कोड नं० 67) पुस्तकाकार—** उपनिषदोंमें ईशावास्योपनिषद्का सर्वप्रथम स्थान है। यह शुक्ल यजु:संहिताके ज्ञान-काण्डका चालीसवाँ अध्याय है। यह तत्त्वज्ञानका अक्षयकोश है। सानुवाद, शाङ्करभाष्य। मूल्य रु० ४ (कोड नं० 1106) कन्नड़, (कोड नं० 846) तेलुगुमें भी उपलब्ध।

■ **बृहदारण्यकोपनिषद् —सजिल्द, कोड नं० 577, पुस्तकाकार**—यह उपनिषद् यजुर्वेदकी काण्वीशाखामें वाजसनेय ब्राह्मणके अन्तर्गत है। कलेवरकी दृष्टिसे यह समस्त उपनिषदोंकी अपेक्षा बृहत् है तथा अरण्य, वनमें अध्ययन किये जानेके कारण इसे आरण्यक भी कहते हैं। वार्त्तिककार सुरेश्वराचार्यने अर्थतः भी इसकी बृहत्ता स्वीकार की है। विभिन्न प्रसंगोंमें वर्णित तत्त्वज्ञानके इस बहुमूल्य ग्रन्थ रत्नपर भगवान् शङ्कराचार्यका सबसे विशद भाष्य है। मूल्य रु० १००

■ **ईशादि नौ उपनिषद्—सजिल्द (सानुवाद, शांकरभाष्य) कोड नं० 1421, पुस्तकाकार**—इस पुस्तकमें एक ही जिल्दमें ईश, केन, कठ, मुण्डक, माण्डुक्य, ऐतरेय, तैत्तिरीय प्रश्न तथा श्वेताश्वतर उपनिषद्के मन्त्र, मन्त्रानुवाद, शाङ्करभाष्य और उसका हिन्दीमें भाष्यार्थ दिया गया है। यह पुस्तक संस्कृतके विद्यार्थियों तथा ब्रह्मज्ञानकें जिज्ञासुओंके लिये विशेष उपयोगी है। मूल्य रु० १००

■ **ईशादि नौ उपनिषद्—सजिल्द, कोड नं० 66, पुस्तकाकार**—विषयकी दृष्टिसे वेदोंके तीन विभाग हैं—कर्म, उपासना और ज्ञान। इसी ज्ञानकाण्डका नाम उपनिषद् या 'ब्रह्मविद्या' है। तत्त्व जिज्ञासुओंके कल्याणार्थ इस पुस्तकमें (ईश, केन, कठ, मुण्डक, माण्डूक्य, ऐतरेय, तैत्तिरीय प्रश्न तथा श्वेताश्वतर) नौ उपनिषद्ोंको एक साथ संगृहीत किया गया है। श्रीहरिकृष्ण गोयन्दकाकृत (अन्वय, सरल व्याख्यासहित)। मूल्य रु० ४५

■ **केनोपनिषद् (कोड नं० 68) पुस्तकाकार**—सामवेदीय तलवकार ब्राह्मणके अन्तर्गत वर्णित इस उपनिषद्में भगवान्के स्वरूप और प्रभाव-वर्णनके साथ परमार्थ ज्ञानकी अनिर्वचनीयता, अभेदोपासना तथा यक्षोपाख्यानमें भगवान्का सर्वप्रेरकत्व एवं सर्वकर्तृत्व स्वरूप दर्शनीय है। सानुवाद, शाङ्करभाष्य। मूल्य रु० १०

■ **कठोपनिषद् (कोड नं० 578) पुस्तकाकार**—कृष्ण यजुर्वेदके कठशाखाके अंश इस उपनिषद्में जहाँ यम-नचिकेता-संवादके रूपमें ब्रह्मविद्याका विशद वर्णन सुबोध और सरल शैलीमें किया गया है, वहीं इसमें वर्णित नचिकेता-चरित्र पितृ-भक्तिका अनुपम आदर्श है। सानुवाद, शाङ्करभाष्य। मूल्य रु० १२

■ **माण्डूक्योपनिषद् (कोड नं० 69) पुस्तकाकार**—अथर्ववेदीय ब्राह्मणके अन्तर्गत वर्णित इस उपनिषद्में केवल बारह मन्त्र हैं। कलेवरकी दृष्टिसे छोटी होनेपर भी भगवान् गौणपादाचार्यने इसपर कारिकाएँ लिखकर इसे अद्वैतवादकी आधारशिला बना दिया है। शाङ्करभाष्य, हिन्दी अनुवादसहित। मूल्य रु० २०

■ **मुण्डकोपनिषद् (कोड नं० 513) पुस्तकाकार**—अथर्ववेदके मन्त्र-भागमें वर्णित इस उपनिषद्में तीन मुण्डक हैं तथा एक-एक मुण्डकके दो-दो खण्ड हैं। आचार्य परम्पराके वर्णनके साथ-साथ इसमें अपरा और परा विद्याके रूपमें अनात्म तथा आत्मतत्त्वका विश्लेषण है। सानुवाद, शाङ्करभाष्य। मूल्य रु० ८

■ **प्रश्नोपनिषद् (कोड नं० 70) पुस्तकाकार**—अथर्ववेदीय ब्राह्मणभागमें वर्णित इस उपनिषद्में मुण्डकोपनिषद्के ही परा और अपरा विद्याका सुकेशा आदि छः ऋषिकुमारोंद्वारा पिप्पलाद मुनिसे पूछे गये छः प्रश्नोंके उत्तरके रूपमें विस्तृत वर्णन है। सानुवाद, शाङ्करभाष्य। मूल्य रु० १०

■ **तैत्तिरीयोपनिषद् (कोड नं० 71) पुस्तकाकार**—कृष्णयजुर्वेदीय तैत्तिरीयारण्यकके प्रपाठक सातसे नौ तक वर्णित इस उपनिषद्के सप्तम् प्रपाठक शिक्षावल्लीमें गुरु-शिष्य परम्परा तथा भृगुवल्ली और ब्रह्मानन्दवल्लीमें ब्रह्मज्ञानका सविधि निरूपण है। सानुवाद, शाङ्करभाष्य। मूल्य रु० १६

■ **ऐतरेयोपनिषद् (कोड नं० 72) पुस्तकाकार**—ऋग्वेदीय ऐतरेयारण्यक खण्डके अध्याय ४, ५, ६ का नाम ऐतरेयोपनिषद् है। ब्रह्मविद्या प्रधान इस उपनिषद्में संन्यास और ज्ञानको ही मोक्षका हेतु बतलाया गया है। सानुवाद, शाङ्करभाष्य। मूल्य रु० ७

■ **श्वेताश्वतरोपनिषद् (कोड नं० 73) पुस्तकाकार**—कृष्णयजुर्वेदीय इस उपनिषद्के वक्ता श्वेताश्वतर ऋषि हैं। इसमें जगत्के कारण-तत्त्वके रूपमें ब्रह्मका निरूपण करते हुए साधक, साधन और साध्य विषयपर मार्मिक भाषामें प्रकाश डाला गया है। सानुवाद, शाङ्करभाष्य। मूल्य रु० २०

■ **वेदान्त-दर्शन (कोड नं० 65) पुस्तकाकार**—महर्षि वेदव्यास-प्रणीत ब्रह्मसूत्र भारतीय दर्शनका अत्यन्त ही महत्त्वपूर्ण ग्रन्थ है। यह ग्रन्थ वेदके चरम सिद्धान्त परब्रह्मका निदर्शन कराता है। अतः इसे वेदान्त-दर्शन भी कहते हैं। वेदके उत्तरभाग उपासना और ज्ञान दोनोंकी मीमांसा

करनेके कारण इसका एक नाम उत्तरमीमांसा भी है। पदच्छेद और अन्वयसहित विस्तृत हिन्दी-व्याख्या। मूल्य रु० ३५

■ **मार्क्सवाद और रामराज्य—सजिल्द, कोड नं० 698, पुस्तकाकार—** धर्मसम्राट् ब्रह्मलीन स्वामी श्रीकरपात्रीजी महाराजद्वारा प्रणीत यह पुस्तक भारतीय धर्म-दर्शनकी निधि है। इसमें स्वामीजीने पाश्चात्त्य दार्शनिकों, राजनीतिज्ञोंकी जीवनी, उनका समय, मत-निरूपण, भारतीय ऋषियोंसे उनकी तुलना, विकासवादका खण्डन, ईश्वरवादका मण्डन, मार्क्सवादका प्रबल शास्त्रीय आलोकमें विरोध तथा न्याय और वेदान्तके सिद्धान्तका विस्तारसे प्रतिपादन किया है। यह राजनीति और दर्शनके विश्वकोशके रूपमें आदरणीय और मननीय ग्रन्थ है। मूल्य रु० ७५

■ **श्रीनारायणीयम्—सजिल्द, कोड नं० 639, पुस्तकाकार—**यह नारायणीयम् नामक छोटा-सा स्तोत्रात्मक काव्य केरल प्रान्त-निवासी विद्वान् भक्त श्रीभट्टनारायणतिरिकी रचना है। श्रीकृष्णलीलाके लगभग सभी प्रसंग इसमें वर्णित हैं। भक्तिरसका परिपोषक होनेके कारण यह काव्यरत्न श्रीमद्भागवतके समान आशीर्वादात्मक ग्रन्थ है। भक्त-समाजमें इसका अत्यन्त आदर है। केरलवासी भक्त लौकिक और पारलौकिक कामनाओंकी सिद्धिहेतु इसका नित्य पाठ करते हैं। मूल्य रु० ३५ (कोड नं० 908) तेलुगुमें भी।

■ **पातञ्जलयोगदर्शन (कोड नं० 135) पुस्तकाकार—**योगदर्शन साधकोंके लिये अत्यन्त उपयोगी और महत्त्वपूर्ण शास्त्र है। प्रस्तुत पुस्तकमें महर्षि पतञ्जलिकृत योगदर्शनका सम्पूर्ण मूल, प्रत्येक सूत्रका एक-दूसरेसे सम्बन्ध एवं शब्दार्थके साथ श्रीहरिकृष्णदासजी गोयन्दकाकृत सरल एवं सुबोध व्याख्या है। मूल्य रु० १०

भक्त-चरित्र

■ **एकनाथ-चरित्र (कोड नं० 121) पुस्तकाकार—**प्रस्तुत पुस्तकमें आदर्श गृहस्थ संत श्रीएकनाथजीके जीवन-चरित्रका बड़ा ही सुन्दर वर्णन किया गया है। इसमें संत एकनाथजीका जन्म, उनकी असाधारण प्रतिभा, भगवत्प्राप्तिकी अभिलाषा, गुरु-शरणागति, इष्ट-साक्षात्कार, परदुःखकातरता, चमत्कारिक प्रभाव, ग्रन्थ-प्रणयन आदिका बड़ा ही सजीव चित्रण किया गया है। मूल्य रु० १५

■ **चैतन्य-चरितावली (कोड नं० 123) ग्रन्थाकार**—प्रस्तुत पुस्तकमें मात्र चार सौ वर्ष पूर्व बंगालमें भक्ति और प्रेमकी अजस्र धारा प्रवाहित करनेवाले कलिपावनावतार श्रीचैतन्य महाप्रभुका विस्तृत जीवन-परिचय है। स्वनामधन्य परम संत श्रीप्रभुदत्तजी ब्रह्मचारीद्वारा प्रणीत यह ग्रन्थ श्रीचैतन्यदेवके सम्पूर्ण जीवन-चरित्रकी सुन्दर वाङ्मयी परिक्रमा है। इसमें कीर्तनके रंगमें रँगे महाप्रभुकी लीलाएँ, अधमोंके उद्धारकी घटनाएँ, श्रीचैतन्यमें विभिन्न भगवद्भावोंका आवेश, यवनोंको भी पावन करनेकी कथा, श्रीवास, पुण्डरीक, हरिदास आदि भक्तोंके चरित्र, श्रीरघुनाथका गृह-त्याग आदि अलौकिक प्रेमपूर्ण घटनाओंको पढ़कर हृदय प्रेम-समुद्रमें डुबकी लगाने लगता है। वास्तवमें महाप्रभुका सम्पूर्ण जीवन-चरित्र भगवद्भक्तिका महामन्त्र है। मूल्य रु० १००

■ **भक्त-भारती (कोड नं० 167) पुस्तकाकार**—इस पुस्तकमें भक्त ध्रुव प्रह्लाद, गजेन्द्र, शबरी और कुन्ती आदि सात भक्तोंके चरित्रका काव्यात्मक चित्रण किया गया है। प्रकाशनकी प्रक्रियामें

■ **भागवतरत्न प्रह्लाद (कोड नं० 53) पुस्तकाकार**—भगवान्‌के भक्तोंमें भक्त प्रह्लादका चरित्र अद्वितीय है। भगवद्विश्वासका ऐसा अनूठा चरित्र कहीं ढूढ़नेसे भी नहीं मिलता। इनकी रक्षाके लिये भगवान्‌को खम्भेसे प्रकट होना पड़ा। प्रस्तुत पुस्तकमें श्रीमद्भागवतके आधारपर श्रीप्रह्लादजीके जीवन-चरित्रका बड़ा ही सुन्दर वर्णन किया गया है। इसमें हिरण्यकशिपुकी तपस्या, इन्द्रद्वारा प्रह्लादकी माता कयाधूका अपहरण, देवर्षि नारदद्वारा कयाधूको छुड़ाना, प्रह्लादजीका जन्म, हिरण्यकशिपुका अत्याचार, हिरण्यकशिपु-वध इत्यादि सभी विषयोंपर बड़ा ही सरस विवेचन प्रस्तुत किया गया है। मूल्य रु० १५

■ **भक्त-चरिताङ्क—सजिल्द, सचित्र, कोड नं० 40 ग्रन्थाकार [कल्याण वर्ष २६ सन् १९५२ ई०]**—भक्तोंके चरित्र सदा ही नवीन तथा प्रेरणादायक हैं। त्याग, तपस्या, भगवद्भक्ति तथा पवित्र सेवाभाव आदिका सच्चा स्वरूप तो भक्त चरित्रोंमें ही प्रत्यक्ष देखनेको मिलता है। इस विशेषाङ्कमें भगवद्विश्वासको बढ़ानेवाले उपासकों, साधकों तथा महात्माओंके जीवन-चरित्रका ऐसा दुर्लभ संग्रह है, जो पाठकोंके हृदयमें भगवद्भक्ति और

भगवद्विश्वासका सहज ही संचार कर देता है। इसमें वर्णित कथाएँ रोचक, ज्ञानप्रद, अनुशीलनयोग्य, प्रेमानन्दको बढ़ानेवाली तथा शान्ति प्रदान करनेवाली हैं। मूल्य रु० १२०

श्रीसकल संतवाणी [मराठी] दो खण्डोंमें (कोड नं० 1474, 1475)

ग्रन्थाकार—प्रस्तुत पुस्तकमें संत ज्ञानेश्वर, संत निवृत्तिनाथ, श्रीसोपानदेव, श्रीमुक्ताबाई, श्रीनामदेवजी महाराज, संत एकनाथजी महाराज, श्रीजनार्दन स्वामी और श्रीतुकारामजीकी गाथाके रूपमें महाराष्ट्रके चौदह पवित्र संतोंके अमर उपदेशोंका संकलन किया गया है। खण्ड-१, मूल्य रु० ६०, खण्ड-२, मूल्य रु० १५०

■ **श्रीतुकाराम-चरित्र (कोड नं० 51) पुस्तकाकार**—महाराष्ट्रके प्रसिद्ध संत तुकारामको कौन नहीं जानता है। सारा महाराष्ट्र आज भगवान्‌के साथ-साथ उनके नामका कीर्तन करता है। प्रस्तुत पुस्तकमें संत तुकारामके जीवन-चरित्रका बड़ा ही सरस एवं सुन्दर चित्रण किया गया है। इसमें संत तुकारामजीपर गुरुकृपा, उनका मनोजय, एकान्तवास, विट्ठलोपासना, आत्मपरीक्षण, भगवत्साक्षात्कार इत्यादिका इतना भावपूर्ण वर्णन किया गया है कि पाठकोंकी आँखोंसे बरबश ही प्रेमाश्रु छलक पड़ते हैं। मूल्य रु० ३५

महापुरुष श्रीमन्त शंकरदेव (कोड नं० 1564)—संतोंका चरित्र भगवद्भक्तिकी प्रेरणा और आदर्श कर्तव्यनिष्ठाका अनुपम आधार है। प्रस्तुत पुस्तकमें आसामकी पवित्र भूमिमें प्रसूत भगवन्निष्ठाके अमर परिचायक संत श्रीशंकरदेवके व्यक्तित्व एवं कृतित्वका भावपूर्ण शैलीमें सरस वर्णन किया गया है। मूल्य रु० ८

■ **देवर्षि नारद (कोड नं० 751) पुस्तकाकार**—नित्य परिव्राजक देवर्षि नारदका कार्य अपनी वीणाकी मनोहर झंकारके साथ भगवद्गुणोंका गान तथा लोगोंमें भगवद्भक्तिका प्रचार है। ये द्वादश भागवतोंमें प्रमुख हैं। प्रस्तुत पुस्तकमें इनके जन्म-कर्मका विस्तृत परिचय दिया गया है। भक्तिके परमाचार्य देवर्षि नारदके चरित्रके पठन-पाठनसे मनमें सात्त्विक भावोंके सहज सञ्चारके साथ भगवद्भक्तिका विकास होता है। मूल्य रु० १२

■ **भक्त नरसिंह मेहता (कोड नं० 168) पुस्तकाकार**—इस पुस्तकमें गुजरातके प्रसिद्ध भक्त श्रीनरसिंह मेहताके चरित्र-चित्रणमें उनके जीवनकी अद्भुत घटनाओंका बड़ा ही भावात्मक वर्णन किया गया है। पुस्तक २० अध्यायोंमें विभक्त की गयी है—जिसमें नरसिंह मेहतापर महात्माकी कृपा, कुटुम्ब-विस्तार, शिव-अनुग्रह, रासदर्शन, अनन्याश्रय, कुवरबाईका दहेज, भक्त और भगवान्, अन्तिम अवस्था आदि महत्त्वपूर्ण विषय हैं। भगवान्के द्वारा भक्तके योग-क्षेम-वहनका नरसिंह मेहता-जैसा अद्भुत चरित्र और कोई नहीं मिलता। इस पुस्तकके पठन-पाठनसे भगवान्पर दृढ़ विश्वास तथा भगवद्भक्तिमें सहज निष्ठा होती है। मूल्य रु० १२ (कोड नं० 1168) मराठी और (कोड नं० 613) गुजरातीमें भी उपलब्ध।

■ **भक्त-बालक (कोड नं० 169) पुस्तकाकार**—इसमें भक्त गोविन्द, मोहन, धन्ना जाट, चन्द्रहास और सुधन्वाकी ऐसी सरस, मधुर तथा भक्तिरससे पूर्ण कथाएँ हैं, जिन्हें पढ़कर आँखोंसे अश्रुपात होने लगता है और मन भगवत्कृपाके स्मरणमें डूब जाता है। मूल्य रु० ५ (कोड नं० 685) तेलुगु, (कोड नं० 1277) मराठी और (कोड नं० 721) कन्नड़में भी उपलब्ध।

■ **भक्त नारी (कोड नं० 170) पुस्तकाकार**—भक्त-चरित्र-मालाकी इस पुस्तकमें भक्तिमती शबरी, मीराबाई, करमैतीबाई, जनाबाई और तपस्विनी रबिया बाईके पावन चरित्रकी दिव्य सुगन्ध है, जिसकी महकसे पाठकका मन-मस्तिष्क महक उठता है तथा हृदय आनन्दसे भर जाता है और व्यक्ति भक्तिपथका पथिक बन जाता है। मूल्य रु० ५

■ **भक्त पञ्चरत्न (कोड नं० 171) पुस्तकाकार**—इस पुस्तकमें भक्त रघुनाथ, भक्त दामोदर, गोपाल चरवाहा, शान्तोवा आदि भक्तोंके चरित्रका ऐसा सरस वर्णन है कि पाठकका मन भक्तिकी पावन गङ्गामें गोते लगाने लगता है। मूल्य रु० ६ (कोड नं० 682) तेलुगुमें भी उपलब्ध।

■ **आदर्श भक्त (कोड नं० 172) पुस्तकाकार**—त्याग और परोपकारके मूर्तिमान् स्वरूप महाराजा रन्तिदेव, राजा शिबि आदि भक्तोंके चरित्रका प्रस्तुत पुस्तकमें ऐसा हृदयहारी चित्रण है कि इसे पढ़नेपर पाठकोंके मनमें सद्गुणोंकी अमिट छाप पड़नेके साथ आँखोंसे आँसू छलक पड़ते हैं।

मूल्य रु० ६ (कोड नं० 1076) गुजराती, (कोड नं० 687) तेलुगु तथा (कोड नं० 840) कन्नड़में भी उपलब्ध।

■ **भक्त सप्तरत्न (कोड नं० 173) पुस्तकाकार**—भक्त चाहे किसी भी देश, काल, जातिमें उत्पन्न क्यों न हो, भगवद्भक्तिके प्रभावसे वह सर्वपूज्य संत बन जाता है। इस भक्तचरितमालामें ऐसे ही प्रेमी भक्त दामाजी पंत, रघु केवट, कूबा कुम्हार, यवन भक्त सालबेग आदिके सुन्दर चरित्र पिरोये हुए हैं। मूल्य रु० ६ (कोड नं० 841) कन्नड़ और (कोड नं० 1082) गुजरातीमें भी उपलब्ध।

■ **भक्त-चन्द्रिका (कोड नं० 174) पुस्तकाकार**—प्रस्तुत पुस्तकमें सखुबाई, ज्योति पंत, भक्त विट्ठलदासजी, भक्त नारायणदास आदिकी भावपूर्ण सुन्दर कथाएँ हैं। भगवान् भक्तोंके प्रेमसे विवश होकर कैसे भक्तोंका योग-क्षेम वहन करते हैं तथा उनकी छोटी-से-छोटी सेवा करनेमें भी नहीं हिचकते हैं—इसका सुन्दर उदाहरण इन भक्तिपूर्ण रोचक कथाओंमें बिखरा हुआ है। मूल्य रु० ५ (कोड नं० 951) कन्नड़, (कोड नं० 917) तेलुगु, (कोड नं० 1073) मराठी, (कोड नं० 1173) ओड़िआ और (कोड नं० 892) गुजरातीमें भी उपलब्ध)।

■ **भक्त-कुसुम (कोड नं० 175) पुस्तकाकार**—प्रस्तुत पुस्तक भगवान्के अनन्य भक्त जगन्नाथदास, हिम्मतदास, गोविन्ददास आदि छः भक्तोंके पावन चरित्रसे सजायी गयी है। इसे पढ़नेसे हृदयमें भक्ति-प्रेमकी सरस धारा प्रवाहित होने लगती है। मूल्य रु० ५

■ **प्रेमी भक्त (कोड नं० 176) पुस्तकाकार**—भक्त-चरितमालाकी इस पुस्तकमें भक्त विल्वमंगल, भक्त जयदेव, श्रीरूप सनातन, हरिदास आदिके सुन्दर चरित्र पिरोये हुए हैं। ये कथाएँ सरस, रोचक, भक्ति उत्पन्न करनेवाली और हृदयग्राही हैं। मूल्य रु० ५ (कोड नं० 929) तेलुगु एवं (कोड नं० 1087) गुजरातीमें भी उपलब्ध।

■ **प्राचीन भक्त (कोड नं० 177) पुस्तकाकार**—प्राचीनकालमें ऐसे अनेक संत और भक्त हुए हैं, जिन्होंने अपना सब कुछ भगवान्को अर्पण कर अपनी आत्माको प्रभुमय बना लिया और अपने जीवनमें भक्ति, ज्ञान और

वैराग्यको चरितार्थ कर जीवनका सर्वोत्कृष्ट लाभ प्राप्त किया। प्रस्तुत पुस्तकमें ऐसे ही उत्कृष्ट भक्त मार्कण्डेय मुनि, राजा शंख, मुनि उतङ्क, विष्णुदास, राजा चित्रकेतु आदि चौदह भक्तोंके सुन्दर चरित्र हैं। मूल्य रु० १०

■ **भक्त सरोज (कोड नं०178) पुस्तकाकार**—जगत्में जन्मका एकमात्र लक्ष्य ईश्वरप्रेम है। प्रस्तुत पुस्तकमें ऐसे ही ईश्वरप्रेमी भक्त गंगाधरदास, भक्त हरिदास आदि दस भक्तोंकी रोचक और उपदेशप्रद सुन्दर गाथाएँ हैं। मूल्य रु० ७ (कोड नं० 1142) गुजरातीमें भी उपलब्ध।

■ **भक्त सुमन (कोड नं० 179) पुस्तकाकार**—भक्त भगवान्के ही स्वरूप हैं। इस पुस्तकमें भक्त विष्णुचित्त, भक्त बिसोबा, भक्त राँका-बाँका, भक्त नरपति, भक्त नामदेव आदि दस भक्तोंके ऐसे प्रेरणाप्रद चरित्र हैं, जिन्हें पढ़कर भगवद्विमुख व्यक्ति भी सहज ही भगवद्भक्त बन जाता है। मूल्य रु० ६ (कोड नं० 1143) गुजरातीमें भी उपलब्ध।

■ **भक्त सौरभ (कोड नं० 180) पुस्तकाकार**—प्रस्तुत पुस्तकमें भगवान्के सच्चे विश्वासी, सुख-दुःखके द्वन्द्वोंसे अतीत, भक्त श्रीव्यास-दास, श्रीप्रयागदास, भक्त प्रतापदास आदि पाँच भक्तोंकी उत्तम कथाएँ हैं। ये कथाएँ अत्यन्त भावपूर्ण तथा भगवत्कृपाकी प्रत्यक्ष निदर्शक हैं। मूल्य रु० ७

■ **प्रेमी भक्त उद्धव (कोड नं० 187) पुस्तकाकार**—भगवान् श्रीकृष्णके मित्र तथा भक्त उद्धवका चरित्र भगवद्भक्तोंके लिये आदर्श पथ तथा पाथेय है। प्रस्तुत पुस्तकमें परम भक्त उद्धवके सुन्दर चरित्रका श्रीमद्भागवत और गर्ग-संहिताके आधारपर बड़ा ही भावपूर्ण चित्रण किया गया है। पुस्तकके अन्तमें भगवान् श्रीकृष्णद्वारा उद्धवके प्रति किये गये उपदेश भी संकलित हैं, जिससे पुस्तक और भी उपयोगी हो गयी है। मूल्य रु० ४ (कोड नं० 642) तमिल, (कोड नं० 890) गुजराती, (कोड नं० 1331) मराठी, (कोड नं० 1202) ओड़िआ और (कोड नं० 686) तेलुगुमें भी उपलब्ध)।

■ **भक्त सुधाकर (कोड नं० 181) पुस्तकाकार**—प्रस्तुत पुस्तकमें भक्त रामचन्द्र, भक्त लाखाजी, भक्त गोवर्धन, भक्त नवीनचन्द्र, भक्त स्वामी रामअवधदास आदि बारह भक्तोंके ऐसे विलक्षण चरित्र संग्रह किये गये हैं, जिन्हें पढ़ते ही भावुक हृदयोंमें भगवद्भक्ति एवं शाश्वती शान्तिकी

कल्याणकारिणी तरंगें उठने लगती हैं। मूल्य रु० ६ (कोड नं० 875) गुजरातीमें भी उपलब्ध।

■ **भक्त महिलारत्न (कोड नं० 182) पुस्तकाकार**—भक्त-चरित्र-मालाकी इस अनुपम पुस्तकमें भक्तिमती रानी रत्नावती, भक्तिमती हरदेवी, भक्तिमती निर्मला, भक्तिमती कुँवर रानी आदिकी सुन्दर शिक्षाप्रद गाथाएँ हैं। इसके पठन-पाठनसे भगवान्‌के चरणोंमें सच्ची प्रीतिके उदयके साथ भगवान्‌के मंगलमय विधानमें संतोष होता है। मूल्य रु० ६ (कोड नं० 1084) गुजरातीमें भी उपलब्ध)।

■ **भक्त दिवाकर (कोड नं० 183) पुस्तकाकार**—प्रस्तुत पुस्तकमें भक्त सुव्रत, भक्त वैश्वानर, भक्त पद्मनाभ, नन्दी वैश्य, भक्त राजा पुण्यनिधि, शिवभक्त महाकाल आदि आठ विभिन्न भक्ति-धाराओंके भक्तोंके मंगलमय चरित्रका अनुपम संग्रह है। ये चरित्र मानव-मनके सम्पूर्ण कल्मषोंको धोने तथा उसे भक्ति-पथपर बढ़ानेमें विशेष सहायक हैं। मूल्य रु० ६

■ **भक्त रत्नाकर (कोड नं० 184) पुस्तकाकार**—इस संग्रहमें गुम्फित भक्त माधवदास, भक्त विमल तीर्थ, भक्त महेश मण्डल, स्वामी हरिदास आदि चौदह भक्तोंके चरित्र, श्रद्धा, प्रेमको बढ़ानेवाले तथा भगवान्‌में अनुपम निष्ठा पैदा करनेवाले हैं। मूल्य रु० ६

■ **भक्तराज हनुमान् (कोड नं० 185) पुस्तकाकार**—प्रस्तुत पुस्तकमें भक्तश्रेष्ठ हनुमान्‌जीकी विभिन्न लीलाओंका वाल्मीकीय रामायण, अध्यात्म रामायण, ब्रह्माण्डपुराण तथा पद्मपुराणके आधारपर बड़ा ही सुन्दर और सरस चित्रण किया गया है। मूल्य रु० ५ (कोड नं० 1383) मराठी, (कोड नं० 854) ओड़िआ, (कोड नं० 608) तमिल, (कोड नं० 767) तेलुगु, (कोड नं० 835) कन्नड़ तथा (कोड नं० 806) गुजरातीमें भी उपलब्ध।

■ **सत्यप्रेमी हरिश्चन्द्र (कोड नं० 186) पुस्तकाकार**—सत्यनिष्ठ राजा हरिश्चन्द्रका जीवन-चरित्र सत्य और धर्मपर दृढ़निष्ठाका अनुपम उदाहरण है। प्रस्तुत पुस्तकमें उनके जन्म-कर्म, धर्मनिष्ठा तथा त्यागपूर्ण व्यवहारका इतिहास-पुराणोंके आधारपर बड़ा ही सजीव चित्रण किया गया है। मूल्य रु० ४ (कोड नं० 1200) ओड़िआमें भी उपलब्ध।

■ **महात्मा विदुर (कोड नं० 188) पुस्तकाकार**—धर्मावतार महात्मा विदुरका जीवन-चरित्र आदर्श व्यवहार, लोक-कल्याण तथा दृढ़ ईश्वर-विश्वास और भक्तिका अनुपम उदाहरण है। उनका सदाचार और भगवत्प्रेम सर्वथा स्तुत्य है। प्रस्तुत पुस्तकमें महाभारत एवं श्रीमद्भागवतके आधारपर विदुरजीकी स्पष्टवादिता, नीति-निपुणता, निःस्पृहता, भगवद्भक्ति, संतोष आदिका ओजस्वी और सरल भाषामें बड़ा सुन्दर चित्रण किया गया है। मूल्य रु० ४ (कोड नं० 947) गुजराती, (कोड नं० 1201) ओड़िआ, (कोड नं० 741) तमिलमें भी उपलब्ध।

■ **भक्तराज ध्रुव (कोड नं० 189) पुस्तकाकार**—भक्तराज ध्रुवका जीवन अपूर्व भगवन्निष्ठा तथा भगवद्भक्तिका उदाहरण है। विमाताके द्वारा अपमानित होकर एक छोटी-सी घटना उनके भगवत्साक्षात्कारका कारण बन गयी। इस पुस्तकमें महान् भक्त ध्रुवके प्रेरणादायी चरित्रको पुराणोंके आधारपर अत्यन्त सरल भाषामें प्रस्तुत किया गया है। मूल्य रु० ४ (कोड नं० 688) तेलुगुमें भी उपलब्ध।

■ **विदुरनीति (कोड नं० 136) पुस्तकाकार**—महाभारतके विलक्षण पात्र श्रीविदुरजी नीतिशास्त्रके प्रकाण्ड विद्वान् थे। इस पुस्तकमें उनके द्वारा धृतराष्ट्रको दिये गये उपदेशोंका सानुवाद संकलन किया गया है। मूल्य रु० १०

■ **भीष्मपितामह (कोड नं० 138) पुस्तकाकार**—श्रीभीष्मपितामहका जीवन त्याग और शौर्यका अनुपम उदाहरण है। भगवान् श्रीकृष्णके प्रति इनकी भक्ति अनुकरणीय है। इस पुस्तकमें महाभारत एवं श्रीमद्भागवतके आधारपर श्रीभीष्मपितामहके सम्पूर्ण जीवन-चरित्रका अत्यन्त रसमय वर्णन किया गया है। मूल्य रु० ९ (कोड नं० 691) तेलुगुमें भी उपलब्ध।

परम श्रद्धेय श्रीजयदयालजी गोयन्दकाके शीघ्र कल्याणकारी प्रकाशन

■ **तत्त्व-चिन्तामणि (सातों भाग) एक साथ , कोड नं० 683, ग्रन्थाकार**—अलग-अलग सात भागों तथा विभिन्न शीर्षकोंकी तेरह पुस्तकोंमें पूर्व प्रकाशित सरल एवं व्यावहारिक शिक्षाप्रद लेखोंके इस

ग्रन्थाकार संकलनमें गीता-रामायण आदि ग्रन्थोंके सार तत्त्वोंका संग्रह है। इसके अध्ययनसे साधन-सम्बन्धी सभी जिज्ञासाओंका सहज ही समाधान हो जाता है। यह प्रत्येक घरमें अवश्य रखने एवं उपहारमें देनेयोग्य एक कल्याणकारी ग्रन्थ है। कपड़ेकी मजबूत जिल्द एवं आकर्षक लेमिनेटेड आवरणके साथ, पृष्ठ-संख्या १०३२ मूल्य रु० ८०

पुस्तकाकारमें उपलब्ध तत्त्व-चिन्तामणिके विभिन्न भाग—

कोड		मूल्य
■ 248	कल्याण प्राप्तिके उपाय—तत्त्व-चिन्तामणिभाग-१	९
■ 275	,, ,, ,, — ,, ,, भाग-१ (बँगला)	१३
▲ 249	शीघ्र कल्याणके सोपान— ,, ,, भाग-२, (खण्ड-१)	८
▲1164	,, ,, ,, ,, ,, (गुजराती)	१०
▲ 250	ईश्वर और संसार— ,, ,, भाग-२, (खण्ड-२)	१२
▲ 519	अमूल्य शिक्षा— ,, ,, भाग-३, (खण्ड-१)	९
▲ 253	धर्मसे लाभ अधर्मसे हानि—,, ,, भाग-३, (खण्ड-२)	९
▲ 251	अमूल्य वचन— ,, ,, भाग-४, (खण्ड-१)	१०
▲ 252	भगवद्दर्शनकी उत्कण्ठा— ,, ,, ,, (खण्ड-२)	१०
▲ 254	व्यवहारमें परमार्थकी कला—,, ,, भाग-५, (खण्ड-१)	८
▲1144	,, ,, ,, ,, (गुजराती)	८
▲ 255	श्रद्धा-विश्वास और प्रेम— ,, ,, भाग-५ (खण्ड-२)	१०
▲1146	,, ,, ,, ,, ,, (गुजराती)	१०
▲ 258	तत्त्व-चिन्तामणि— भाग-६ (खण्ड-१)	९
▲ 257	परमानन्दकी खेती— ,, ,, भाग-६ (खण्ड-२)	९
▲ 260	समता अमृत और विषमता विष— ,, भाग-७ (खण्ड-१)	१०
▲ 259	भक्ति-भक्त-भगवान्— ,, ,, भाग-७ (खण्ड-२)	१०

■ **साधन-कल्पतरु (कोड नं० 814) ग्रन्थाकार**—इसमें विभिन्न शीर्षकोंमें पूर्व प्रकाशित तेरह पुस्तकोंका ग्रन्थाकार प्रकाशन करके एक साथ छापा गया है। मूल्य रु० ७०। इसमें संगृहीत तेरह पुस्तकोंका अलग-अलग भी प्रकाशन उपलब्ध है—जो निम्नलिखित है।

▲ **महत्त्वपूर्ण शिक्षा (कोड नं० 242) पुस्तकाकार**—इस पुस्तकमें भारतीय हिन्दू धर्म और संस्कृतिका स्वरूप, कर्मयोग, भक्तियोग, ज्ञानयोग, सदाचार, वैराग्य, सत्संग आदि विषयोंपर विविध प्रेरणादायी उपाख्यानोंके माध्यमसे सुन्दर प्रतिपादन किया गया है। मूल्य रु० १५ (कोड नं० 760) तेलुगुमें भी उपलब्ध।

▲ **स्त्रियोंके लिये कर्तव्यशिक्षा (कोड नं० 272) पुस्तकाकार**—इसमें स्त्रियोंके कर्तव्य, आचार-व्यवहार, पातिव्रत-धर्म, पवित्र चरित्र आदि विषयोंके प्रतिपादनके साथ पतिव्रता सुकला, सावित्री आदिके त्याग बलिदानका मार्मिक वर्णन किया गया है। मूल्य रु० ८ (कोड नं० 834) कन्नड़ एवं (कोड नं० 1046) गुजरातीमें भी उपलब्ध।

▲ **आत्मोद्धारके सरल उपाय (कोड नं० 256) पुस्तकाकार**—इस पुस्तकमें मनुष्यके कल्याणार्थ शीघ्र कल्याणकारी अनेक सोपानोंका वर्णन है। इसके अतिरिक्त इसमें भगवान्‌के जन्म, कर्म, स्वरूपका रहस्य, निर्गुण निराकार परमात्माकी उपासना, समयको परमोपयोगी बनानेका साधन इत्यादि अनेक विषयोंपर तात्विक चर्चा है। मूल्य रु० ८

▲ **परम साधन (भाग-१)—कोड नं० 243, पुस्तकाकार**—इस पुस्तकमें आबाल-वृद्ध-हेतु हर प्रकारके उन्नतिके साधनोंका निरूपण करते हुए भगवत्प्राप्तिमें मनुष्यमात्रका अधिकार, सत्यपालन, स्त्री-बालकों-हेतु कर्तव्य शिक्षा एवं शिक्षाप्रद कहानियोंके संग्रहके साथ गीता-रामायणकी महत्ताका सरल प्रतिपादन है। मूल्य रु० ९

सम्पूर्ण दुःखोंका अभाव कैसे हो? (कोड नं० 1529)—ब्रह्मलीन परम श्रद्धेय श्रीजयदयालजी गोयन्दकाकी अनुभवसिद्ध वाणीसे निःसृत आध्यात्मिक प्रवचनोंके इस संकलनमें वैराग्यका प्रभाव, भगवल्लीलाका तत्त्व और रहस्य, कलहसे बचो, भक्तिकी महिमा, '**निमित्तमात्रं भव**' आदि विभिन्न प्रकरणोंके माध्यमसे इहलौकिक और पारलौकिक जीवन-सुधारके अनुपम उपाय प्रस्तुत किये गये हैं। मूल्य रु० ६

आनन्द कैसे मिले? (कोड नं० 1530)—ब्रह्मलीन परम श्रद्धेय श्रीजयदयालजी गोयन्दकाके प्रवचनोंसे संकलित यह पुस्तक चेतावनी, चार रत्न, ध्यानकी विधि, ध्यानका विषय, कल्याणकारी बातें, वैराग्यकी महिमा

आदि अनेक विषयोंके माध्यमसे संसारकी असारताका बोध कराते हुए वास्तविक आनन्दकी प्राप्तिके सुगम उपायोंकी सुन्दर व्याख्या है। मूल्य रु० ६

भगवत्पथ-दर्शन (कोड नं० 1483)—प्रस्तुत पुस्तक ब्रह्मलीन परम श्रद्धेय श्रीजयदयालजी गोयन्दकाके द्वारा अपने परिचितों एवं मित्रोंके आध्यात्मिक प्रश्नोंके उत्तरके रूपमें समय-समयपर लिखे गये प्रेरणादायक पत्रोंका संग्रह है। इसमें भक्ति, ज्ञान, वैराग्य, चेतावनी आदि विषयोंसे सम्बन्धित अनेक विषयोंपर सुन्दर प्रकाश डाला गया है। मूल्य रु० ८

▲ परम साधन (भाग-२)—कोड नं० 244, पुस्तकाकार— साधनोपयोगी विभिन्न कल्याणकारी लेखोंका सुन्दर संकलन। मूल्य रु० ८

▲ मनुष्य जीवनकी सफलता (भाग-१)—कोड नं० 264, पुस्तकाकार— मानव-जीवनके सर्वांगीण विकासके लिये मन, इन्द्रियोंके संयम, स्त्रियोंके कर्तव्य, सत्पुरुषोंका संग, अनाथोंकी निष्काम सेवा, भ्रातृप्रेम तथा ईश्वर-भक्ति आदिके विषयमें एक तात्त्विक विवेचन। मूल्य रु० ९

▲ मनुष्य जीवनकी सफलता (भाग-२)—कोड नं० 265, पुस्तकाकार— मानव-जीवनके लक्ष्य भगवत्प्राप्तिके उद्देश्यको सिद्ध करनेवाले विभिन्न लेखोंका सुन्दर संकलन। मूल्य रु० ७

▲ परम शान्तिका मार्ग (भाग-१)—कोड नं० 268, पुस्तकाकार— इस पुस्तकमें परम श्रद्धेय ब्रह्मलीन श्रीजयदयाल गोयन्दकाद्वारा शास्त्रीय दृष्टिसे धर्मयुक्त उन्नति, प्राचीन सिद्धान्तोंकी उपादेयता, वर्तमान पतन तथा उससे बचने-के उपाय, परम पुरुषार्थ इत्यादि विषयोंका सुन्दर विवेचन है। मूल्य रु० ९ (कोड नं० 1516) गुजरातीमें भी।

▲ परमशान्तिका मार्ग (भाग-२)—कोड नं० 269, पुस्तकाकार— कर्म-बन्धनसे मुक्त करके भगवत्प्राप्ति करानेवाली अनेक युक्तियोंकी सरल व्याख्या। मूल्य रु० ९

▲ आत्मोद्धारके साधन (भाग-१)—कोड नं० 245, पुस्तकाकार— ब्रह्मलीन श्रीजयदयालजी गोयन्दकाद्वारा समय-समयपर लिखे गये मनुष्य-मात्रके उद्धार-हेतु मार्मिक लेखोंका एक अनुपम संग्रह, जिसमें गुरु-भक्ति, मातृ-पितृ-भक्ति, ईश्वर-भक्ति, पातिव्रत्य धर्म आदि विषयोंको प्रेरणा-दायक उदाहरणोंके द्वारा समझाया गया है। मूल्य रु० १०

▲ **अनन्य भक्तिसे भगवत्प्राप्ति (आत्मोद्धारके साधन भाग-२) कोड नं० 335, पुस्तकाकार**—सर्वतन्त्र स्वतन्त्र परमात्माके साक्षात्कारका सहज साधन अनन्य भक्ति है—इस आशयको स्पष्ट करनेवाले निष्काम कर्म, अन्तकालमें परमात्म-चिन्तन, श्रद्धा, प्रेम, विश्वासकी प्रधानता आदि अन्यान्य विषयोंपर ब्रह्मलीन श्रीजयदयालजी गोयन्दकाकी विशद व्याख्या। मूल्य रु० ९ (कोड नं० 877) गुजरातीमें भी उपलब्ध।

▲ **मनुष्यका परम कर्तव्य (भाग-१) कोड नं० 246, पुस्तकाकार**— ब्रह्मलीन परम श्रद्धेय श्रीजयदयालजी गोयन्दकाके द्वारा प्रणीत इस पुस्तकमें भक्ति, ज्ञान, वैराग्य, संयम, वर्णाश्रम-धर्म, सत्य, श्रद्धा, समता, भगवत्प्रेम, प्रारब्ध और पुरुषार्थ आदि आध्यात्मिक विषयोंपर सुन्दर विवेचन किया गया है। मूल्य रु० ९

▲ **मनुष्यका परम कर्तव्य (भाग-२) कोड नं० 247, पुस्तकाकार**— यह मानव-कर्तव्यका बोध करानेवाले विभिन्न कल्याणकारी लेखोंका सुन्दर संकलन है। मूल्य रु० ९

▲ **प्रेमयोगका तत्त्व (कोड नं० 527) पुस्तकाकार**—इस पुस्तकमें प्रेमका स्वरूप, श्रद्धा और प्रेम, प्रेम और शरणागति आदि अनेक महत्त्वपूर्ण विषयोंके विशद विश्लेषणके साथ भगवान् श्रीरामके प्रति महाराज दशरथ, भरत, लक्ष्मण, शत्रुघ्न, सीता, सुतीक्ष्ण आदिके अलौकिक प्रेम-भावका अनुकरणीय आदर्श प्रस्तुत किया गया है। मूल्य रु० १५ (कोड नं० 521) अंग्रेजीमें भी उपलब्ध।

▲ **ज्ञानयोगका तत्त्व (कोड नं० 528) पुस्तकाकार**—इस पुस्तकमें ब्रह्मलीन श्रीजयदयाल गोयन्दकाके सत्ताईस लेखोंका संग्रह है, जिसमें विवेक, वैराग्य, प्रकृति, जीव, आत्मा और परमात्माका स्वरूप आदि विषयोंपर विशद व्याख्या है। मूल्य रु० १० (कोड नं० 520) अंग्रेजी अनुवादमें भी उपलब्ध।

▲ **कर्मयोगका तत्त्व (भाग-१) कोड नं० 266, पुस्तकाकार**—यह पुस्तक कर्मयोगके रहस्योंका प्रतिपादन करनेवाले श्रीजयदयालजी गोयन्दकाके विभिन्न लेखोंका अनूठा संग्रह है, जिसे पढ़कर मनुष्य कर्म करते हुए सहज ही परमात्माको उपलब्ध करके अपने जीवनको सार्थक कर सकता है। मूल्य रु० ९ (कोड नं० 1520) गुजराती, (कोड नं० 522) अंग्रेजी-अनुवादमें भी उपलब्ध।

▲ **कर्मयोगका तत्त्व (भाग-२) कोड नं० 267, पुस्तकाकार—** कर्मके गम्भीर रहस्यों एवं कल्याणकारी युक्तियोंका एक सुन्दर प्रतिपादन। मूल्य रु० ९

▲ **प्रत्यक्ष भगवद्दर्शनके उपाय (कोड नं० 303) पुस्तकाकार—** (भक्तियोगका तत्त्व भाग-१) यह पुस्तक ब्रह्मलीन श्रीजयदयालजी गोयन्दकाद्वारा भक्तिके स्वरूप, भक्तोंके लक्षण, नाम-जप, श्रद्धा, प्रेम, शरणागति इत्यादि अनेक विषयोंपर सरल भाषामें विशद विश्लेषण है। मूल्य रु० ८, (कोड नं० 1504) गुजराती, (कोड नं० 1481) तमिल, (कोड नं० 523) अंग्रेजी अनुवादमें भी उपलब्ध।

दुःखोंका नाश कैसे हो ? (कोड नं० 1561) पुस्तकाकार—ब्रह्मलीन परम श्रद्धेय श्रीजयदयालजी गोयन्दकाके प्रवचनोंसे संकलित इस पुस्तकमें गीताजीमें समताकी विशेषता, सेवा, ईश्वर-चिन्तन तथा सत्संगसे लाभ, भगवत्प्राप्तिका महत्त्व, वास्तविक शान्ति क्या है ? आदि विभिन्न प्रकरणोंके माध्यमसे दुःखकी आत्यन्तिक निवृत्ति एवं भगवत्प्राप्तिके सुगम साधनोंकी मनोरम व्याख्या प्रस्तुत की गयी है। मूल्य रु० ८

जीवन-सुधारकी बातें (कोड नं० 1587)—ब्रह्मलीन परम श्रद्धेय श्रीजयदयालजी गोयन्दकाके द्वारा विभिन्न लौकिक तथा पारलौकिक विषयोंपर प्रस्तुत प्रवचनोंके इस संग्रहमें पारमार्थिक प्रश्नोत्तर, कल्याणकारी बातें, संसारकी असारता आदि विषयोंके माध्यमसे आत्मोद्धारकी सुन्दर कला बतलायी गयी है। मूल्य रु० ८

▲ **अमूल्य समयका सदुपयोग (कोड नं० 579) पुस्तकाकार—**मानव-जन्म अनन्त पुण्योंका परिणाम है। इसलिये समय रहते आत्मोद्धार करना ही मूल कर्तव्य है। यह पुस्तक भगवद्भावकी वृद्धि करनेवाले सेठजी श्रीजयदयाल गोयन्दकाके अनेक लेखोंका संकलन है। मूल्य रु० ७ (कोड नं० 1374) कन्नड़, (कोड नं० 932) गुजराती, (कोड नं० 1099) मराठी, (कोड नं० 1506) ओड़िआ और (कोड नं० 666) तेलुगुमें भी उपलब्ध।

▲ **भगवान्‌के स्वभावका रहस्य (कोड नं० 298) पुस्तकाकार—** (भक्तियोगका तत्त्व भाग-२) भगवान्‌के नाम, रूप, गुण और स्वभावके रहस्योंका एक सुन्दर विश्लेषण। मूल्य रु० ९, (कोड नं० 1518) गुजराती, (कोड नं० 1480) तमिलमें भी।

▲ **इसी जन्ममें परमात्मप्राप्ति (कोड नं० 611) पुस्तकाकार**—मनुष्यको देश, काल, पात्रकी प्रतीक्षा किये बिना तत्काल इसी जन्ममें परमात्माकी प्राप्ति-हेतु संलग्न हो जाना चाहिये। इस भावनाको जीवन्त करनेवाले सेठजी श्रीजयदयालजी गोयन्दकाके चुने हुए लेखोंका अद्भुत संग्रह। मूल्य रु० ८ (कोड नं० 1052) गुजरातीमें भी उपलब्ध।

▲ **अपात्रको भी भगवत्प्राप्ति (कोड नं० 588) पुस्तकाकार**—यह पुस्तक परम श्रद्धेय श्रीजयदयालजी गोयन्दकाके १२ प्रवचनोंका संग्रह है, जिसमें भक्तिके सर्वाधिक मुखर चर्चाके साथ अजामिलोपाख्यान, आरुणी-उपमन्यु एवं सनत्सुजात इत्यादिके उदाहरणोंद्वारा श्रद्धा, विश्वासके महत्त्वका भावात्मक प्रतिपादन किया गया है तथा हर मनुष्यको भगवत्प्राप्तिका अधिकारी बताया गया है। मूल्य रु० ९ (कोड नं० 1007) तमिल, (कोड नं० 1129) गुजरातीमें भी उपलब्ध।

▲ **कर्णवासका सत्संग (कोड नं० 1296) पुस्तकाकार**—ब्रह्मलीन परम श्रद्धेय श्रीजयदयालजी गोयन्दकाद्वारा कर्णवासमें दिये गये अनेक कल्याणकारी प्रवचनोंका सुन्दर संग्रह। मूल्य रु० ७

▲ **भगवत्प्रेमकी प्राप्तिमें भावकी प्रधानता (कोड नं० 1015) पुस्तकाकार**—भगवद्भावकी वृद्धि करनेवाले विभिन्न लेखोंका एक कल्याणकारी प्रकाशन। मूल्य रु० ७, (कोड नं० 1503) गुजरातीमें भी उपलब्ध।

▲ **भगवत्प्रेम-प्राप्तिके उपाय (कोड नं० 1409) पुस्तकाकार**—परम श्रद्धेय श्रीजयदयाल गोयन्दकाके ६०-६५ वर्ष पूर्व लिपिबद्ध प्रवचनोंका सुन्दर संग्रह। इसमें शान्ति मिलनेके उपाय, भगवान् जल्दी कैसे मिलें आदि विषयोंके माधयमसे साधनाके गम्भीर रहस्योंका सुन्दर प्रतिपादन है। मूल्य रु० ८

▲ **आत्मकल्याणके विविध उपाय (कोड नं० 1435) पुस्तकाकार**—सत्संगका स्वरूप, भोगकी दुःखरूपता, स्वार्थत्यागकी महिमा आदि विविध विषयोंके माध्यमसे आत्मकल्याणके सुगम उपायोंकी एक अनुपम व्याख्या। मूल्य रु० ६

साधना-पथ (कोड नं० 1433)—ब्रह्मलीन परम श्रद्धेय श्रीजयदयालजी गोयन्दकाके प्रवचनोंसे संकलित इस पुस्तकमें चेतावनी, सर्वत्र ईश्वर-दर्शन, संगका प्रभाव, बालकोंके लिये शिक्षा आदि २२ प्रसंगोंके माध्यमसे

मानवमात्रके उद्धारके लिये साधनाके गम्भीर रहस्योंका सुन्दर प्रतिपादन किया गया है। मूल्य रु० ६

▲ **भगवान्‌के रहनेके पाँच स्थान (कोड नं० 261) पुस्तकाकार—** इस पुस्तकमें पद्मपुराण-सृष्टिखण्डसे संकलित सर्वव्यापक भगवान्‌की उपलब्धिके विषयमें मूक चाण्डाल, तुलाधार वैश्य, नरोत्तम ब्राह्मण इत्यादि पाँच कथाओंके माध्यमसे तात्त्विक व्याख्या की गयी है। मूल्य रु० ३ (कोड नं० 889) गुजराती, (कोड नं० 643) तमिल, (कोड नं० 689) तेलुगु, (कोड नं० 839) कन्नड़, (कोड नं० 1252) ओडिआ, (कोड नं० 1334) मराठी और (कोड नं० 1125) अंग्रेजीमें भी उपलब्ध।

▲ **रामायणके कुछ आदर्श पात्र (कोड नं० 262) पुस्तकाकार—** इस पुस्तकमें भगवान् श्रीराम, श्रीलक्ष्मण, श्रीभरत, श्रीशत्रुघ्न, भक्त हनुमान् तथा भगवती श्रीसीताजीके अनुकरणीय पावन चरित्रका सुन्दर चित्रण किया गया है। मूल्य रु० ७ (कोड नं० 933) गुजराती, (कोड नं० 1205) ओड़िआ, (कोड नं० 1353) तमिल, (कोड नं० 1335) मराठी, (कोड नं० 768) तेलुगु, (कोड नं० 1284) अंग्रेजी और (कोड नं० 833) कन्नड़में भी उपलब्ध।

▲ **महाभारतके कुछ आदर्श पात्र (कोड नं० 263) पुस्तकाकार—** भगवान् श्रीकृष्ण, धर्मराज युधिष्ठिर, भगवान् वेदव्यास आदि दस पात्रोंके अनुकरणीय जीवन-चरित्रका महाभारतके आधारपर अद्भुत चित्रण। मूल्य रु० ५ (कोड नं० 894) गुजराती, (कोड नं० 1354) तमिल, (कोड नं० 766) तेलुगु, (कोड नं० 1386) मराठी, (कोड नं० 1245) अंग्रेजी और (कोड नं० 720) कन्नड़में भी उपलब्ध।

▲ **परमार्थ-सूत्र-संग्रह (कोड नं० 543) पुस्तकाकार—** ब्रह्मलीन परम श्रद्धेय श्रीजयदयालजी गोयन्दकाके प्रवचनोंसे चुने हुए अनेक सूत्रात्मक उपदेशोंका सूक्तियोंके रूपमें अद्भुत संकलन। मूल्य रु० ८ (कोड नं० 1274) ओड़िआमें भी उपलब्ध।

▲ **साधन-नवनीत (कोड नं० 769) पुस्तकाकार—** परमार्थ-मार्गके पथिकोंके लिये सहयोगी अनेक कल्याणकारी उपदेशोंका सुन्दर संकलन। मूल्य रु० ५ (कोड नं० 1061) गुजराती, (कोड नं० 1254) ओड़िआ और (कोड नं० 945) कन्नड़में भी उपलब्ध।

▲ **हमारा आश्चर्य (कोड नं० 599) पुस्तकाकार**—यह पुस्तक ब्रह्मलीन श्रीजयदयालजी गोयन्दकाकृत बहुमूल्य प्रवचनोंका संग्रह है। इसमें छोटी-छोटी कहानियोंके द्वारा हमारा आश्चर्य, निष्कामता, प्रेमका रहस्य और प्रभाव, सत्संगका रहस्य आदि विषयोंपर सरल और सुबोध भाषामें मनोहर प्रतिपादन है। मूल्य रु० ८

▲ **आध्यात्मिक प्रवचन (कोड नं० 1021) पुस्तकाकार**—अध्यात्म, आत्मा, परमात्मा, जीव, बन्धन, मुक्ति आदि अनेक विषयोंका सरल और सुबोध भाषामें समाधान प्रस्तुत करनेवाली एक अनुपम पुस्तक। मूल्य रु० ८ (कोड नं० 1265) गुजरातीमें भी उपलब्ध।

▲ **अमृत-वचन (कोड नं० 1324) पुस्तकाकार**—ब्रह्मलीन श्रीजयदयालजी गोयन्दकाके प्रवचनोंसे संकलित अनेक लौकिक और पारलौकिक विषयोंकी कल्याणकारी सूक्तियोंका सुन्दर संग्रह। मूल्य रु० ८ (कोड नं० 1415) बंगलामें भी।

▲ **निष्काम श्रद्धा और प्रेम (कोड नं० 1022) पुस्तकाकार**—निष्काम कर्मकी उपयोगिताके विश्लेषक विभिन्न लेखोंका अद्भुत संग्रह। मूल्य रु० ७, (कोड नं० 1272) ओड़िआमें भी।

▲ **नवधा भक्ति (कोड नं० 292) पुस्तकाकार**—विभिन्न शास्त्रीय प्रमाणोंके आधारपर भगवान्‌की श्रवणादि नौ भक्तियोंकी व्याख्याके साथ भरत-चरित्रमें नवधा भक्तिका सुन्दर विवेचन। मूल्य रु० ५ (कोड नं० 1499) कन्नड़, (कोड नं० 1275) मराठी, (कोड नं० 921) तेलुगुमें भी उपलब्ध।

▲ **नल-दमयन्ती (कोड नं० 273) पुस्तकाकार**—महाभारतके आधारपर ब्रह्मलीन परम तत्त्वज्ञ श्रीजयदयालजी गोयन्दकाद्वारा लिखा गया नल-दमयन्तीके चरित्रका मनोहर चित्रण। मूल्य रु० ३ (कोड नं० 645) तमिल, (कोड नं० 916) तेलुगु, (कोड नं० 836) कन्नड़, (कोड नं० 1059) गुजराती, (कोड नं० 1203) ओड़िआ और (कोड नं० 1385) मराठीमें भी उपलब्ध।

▲ **महत्त्वपूर्ण चेतावनी (कोड नं० 274) पुस्तकाकार**—ब्रह्मलीन श्रीजयदयालजी गोयन्दका अपने मित्रों और प्रेमियोंको समय-समयपर उनके द्वारा पूछे गये प्रश्नोंके उत्तरके रूपमें पत्र लिखा करते थे, जिनमें आध्यात्मिक तथा लौकिक विषयोंका अद्भुत समाधान होता था। प्रस्तुत पुस्तकमें उन आध्यात्मिक पत्रोंका दुर्लभ संग्रह है। मूल्य रु० ५ (कोड नं० 792) तमिलमें भी।

▲ **उद्धार कैसे हो (कोड नं० 277) पुस्तकाकार**—इसमें सेठजीद्वारा अपने परिचितोंको सद्प्रेरणाहेतु प्रेम और शरणागति, सत्संग, त्याग आदि अनेक शिक्षाप्रद विषयोंपर लिखे गये ५१ पत्रोंका सुन्दर संग्रह है। मूल्य रु० ५ (कोड नं० 1155) मराठी, (कोड नं० 1507) ओड़िआ, (कोड नं० 481) अंग्रेजी और (कोड नं० 931) गुजरातीमें भी उपलब्ध।

▲ **सच्ची सलाह (कोड नं० 278) पुस्तकाकार**—प्रस्तुत पुस्तक जिज्ञासुओंके पारमार्थिक रुचिकी वृद्धि, आन्तरिक जिज्ञासाकी पूर्ति तथा ईश्वर-प्रेमको बढ़ानेवाले श्रद्धेय श्रीजयदयालजी गोयन्दकाके ८० पत्रोंका सुन्दर सग्रह है। मूल्य रु० ८

▲ **साधनोपयोगी पत्र (कोड नं० 280) पुस्तकाकार**—मानव-जीवनको सदाचार-सम्पन्न बनानेवाले तथा पारमार्थिक प्रकाश देनेवाले विभिन्न विषयोंके विश्लेषक ७२ पत्रोंका संकलन। मूल्य रु० ६

▲ **शिक्षाप्रद पत्र (कोड नं० 281) पुस्तकाकार**—अभ्यास, वैराग्य, संयम, जप-विधि, भगवान्‌के दयाका रहस्य, संसारकी क्षणभंगुरता इत्यादि अनेक विषयोंपर शास्त्रीय समाधान करनेवाले ७० पत्रोंका अद्भुत प्रकाशन। मूल्य रु० ७

▲ **रहस्यमय प्रवचन (कोड नं० 681) पुस्तकाकार**—यह पुस्तक जीवनमुक्त मनीषी ब्रह्मलीन श्रीजयदयालजी गोयन्दकाद्वारा प्रवचनके रूपमें प्रस्तुत अनेक लौकिक तथा पारलौकिक विषयोंपर सरल और सुबोध भाषामें शास्त्रानुभूत विचारोंका दुर्लभ संकलन है। मूल्य रु० ८

▲ **पारमार्थिक पत्र (कोड नं० 282) पुस्तकाकार**—जिज्ञासु स्वजनोंकी शंकाओंके समाधानार्थ अनेक आध्यात्मिक और धार्मिक विषयोंपर लिखे गये ब्रह्मलीन श्रीजयदयालजी गोयन्दकाके ९१ पत्रोंका संग्रह। मूल्य रु० ६ (कोड नं० 920) तेलुगुमें भी।

▲ **अध्यात्म-विषयक पत्र (कोड नं० 284) पुस्तकाकार**—नाम-जपकी महिमा, श्रद्धा-विश्वासपूर्वक भगवच्छरणागति, उपासना, ईश्वर, जीव, प्रकृति-विश्लेषण, कुसंगसे हानि आदि अनेक अध्यात्म-विषयक ५४ पत्रोंका संग्रह। मूल्य रु० ४ (कोड नं० 1074) मराठीमें भी।

▲ **सिद्धान्त और रहस्यकी बातें (कोड नं० 1120) पुस्तकाकार**—शास्त्रीय सिद्धान्तोंका एक प्रयोगात्मक विवेचन। मूल्य रु० ८

▲ **शिक्षाप्रद ग्यारह कहानियाँ (कोड नं० 283) पुस्तकाकार**—लौकिक-पारलौकिक कल्याणकी सिद्धिहेतु गृहस्थ साधकोंके लिये उपदेशप्रद ग्यारह कहानियोंका एक सुन्दर संकलन। मूल्य रु० ५ (कोड नं० 480) अंग्रेजी, (कोड नं० 716) कन्नड़, (कोड नं० 1382) मराठी, (कोड नं० 1572) तेलुगु एवं (कोड नं० 1077) गुजरातीमें भी उपलब्ध।

▲ **उपदेशप्रद कहानियाँ (कोड नं० 680) पुस्तकाकार**—ज्ञान, वैराग्य, सेवा, परोपकार, ईश्वर-विश्वास, भगवद्भक्तिकी संवर्द्धक १२ कहानियोंका ब्रह्मलीन श्रीजयदयाल गोयन्दकाकृत मनोहर संकलन। मूल्य रु० ८ (कोड नं० 818) गुजराती, (कोड नं० 1109) कन्नड़, (कोड नं० 915) तेलुगु तथा (कोड नं० 1285) अंग्रेजीमें भी उपलब्ध।

▲ **प्रेममें विलक्षण एकता (कोड नं० 891) पुस्तकाकार**—प्रेम, सेवा, त्याग, परोपकार-विषयक ब्रह्मलीन श्रीजयदयालजी गोयन्दकाके अनेक प्रवचनोंका विलक्षण संकलन। मूल्य रु० ६ (कोड नं० 1387) मराठीमें भी उपलब्ध।

▲ **मेरा अनुभव (कोड नं० 958) पुस्तकाकार**—अनुभवके आधारपर साधनात्मक रहस्योंका सुन्दर प्रतिपादन। मूल्य रु० ८ (कोड नं० 1330) मराठी और (कोड नं० 1264) गुजरातीमें भी उपलब्ध।

▲ **साधनकी आवश्यकता (कोड नं० 1150) पुस्तकाकार**—अनेक साधनात्मक रहस्योंके विवेचनके साथ साधनाकी उपयोगिता और महत्ताका सुन्दर विवेचन। मूल्य रु० ७

▲ **वास्तविक त्याग (कोड नं० 320) पुस्तकाकार**—त्यागकी परिभाषा मात्र वस्तुगत त्याग न होकर उसके आसक्तिका त्याग है। इस परिभाषाको स्पष्ट करनेवाले योगवासिष्ठसे उद्धृत चूड़ाला-शिखिध्वज-संवादका तात्त्विक और सुन्दर विश्लेषण। मूल्य रु० ५

▲ **सत्संगकी मार्मिक बातें (कोड नं० 1283) पुस्तकाकार**—सत्संगकी उपयोगिता और महत्ताका सुन्दर प्रतिपादन। मूल्य रु० ७

▲ **बालकोंके कर्तव्य (कोड नं० 287) पुस्तकाकार**—बालकोंको शिष्टाचार, स्वाध्याय और सेवाकी शिक्षा प्रदान करनेवाली एक अद्भुत पुस्तक। मूल्य रु० ४ (कोड नं० 1163) ओड़िआमें भी उपलब्ध।

▲ **नेत्रोंमें भगवान्‌को बसा लें (कोड नं० 1493) पुस्तकाकार—** प्रस्तुत पुस्तक ब्रह्मलीन परम श्रद्धेय श्रीजयदयालजी गोयन्दकाके द्वारा ६० वर्ष पूर्व गीताभवन ऋषिकेशमें विविध आध्यात्मिक विषयोंपर दिये गये प्रवचनोंका सुन्दर संग्रह है। इसमें सच्चिदानन्दकी एकता, संसार परमात्मस्वरूप है श्रद्धाकी महिमा, भगवान्‌की महिमा, मनुष्यका कर्तव्य आदि २६ विषयोंपर प्रेरक आध्यात्मिक दृष्टान्तोंके माध्यमसे आत्मकल्याणके सुगम मार्गका अनुपम विवेचन है। मूल्य रु० ६

▲ **आदर्श भ्रातृप्रेम (कोड नं० 285) पुस्तकाकार—** श्रीवाल्मीकीय रामायण, अध्यात्म रामायण और श्रीरामचरितमानसके आधारपर श्रीराम, श्रीभरत, श्रीलक्ष्मण, श्रीशत्रुघ्नके चरित्र एवं पारस्परिक प्रेमका एक मार्मिक विवेचन। मूल्य रु० ५ (कोड नं० 1187) ओड़िआमें भी उपलब्ध।

▲ **बाल-शिक्षा (कोड नं० 286) पुस्तकाकार—** बालकोंके चरित्र-निर्माणहेतु सदाचार, संयम, ब्रह्मचर्य, माता-पिता-गुरुजनोंकी सेवा आदि विषयोंपर ब्रह्मलीन श्रीजयदयालजी गोयन्दकाके लेखोंका दुर्लभ संकलन। मूल्य रु० ३ (कोड नं० 690) तेलुगु, (कोड नं० 719) कन्नड़, (कोड नं० 1079) ओड़िआ एवं (कोड नं० 1045) गुजरातीमें भी उपलब्ध।

▲ **आदर्श नारी सुशीला (कोड नं० 290) पुस्तकाकार—** परम विदुषी, सद्‌गुणी, ईश्वर-भक्त, पतिव्रता एवं आदर्श नारी सुशीलाका श्रीजय-दयालजी गोयन्दकाद्वारा मनोहर चरित्र-चित्रण। मूल्य रु० ३ (कोड नं० 312) बँगला, (कोड नं० 644) तमिल, (कोड नं० 1047) गुजराती, (कोड नं० 1276) मराठी, (कोड नं० 1174) ओड़िआ, (कोड नं० 1180) अंग्रेजी और (कोड नं० 665) तेलुगुमें भी उपलब्ध।

▲ **नारीधर्म (कोड नं० 300) पुस्तकाकार—** भारतीय नारियोंको कर्तव्य-कर्मका बोध करानेवाली एवं कल्याणपथका निर्देशन करने-वाली ब्रह्मलीन श्रीजयदयालजी गोयन्दकाकी अत्यन्त उपयोगी पुस्तक। मूल्य रु० ३

▲ **आदर्श देवियाँ (कोड नं० 291) पुस्तकाकार**—ब्रह्मलीन श्रीजयदयालजी गोयन्दकाद्वारा परम्बा, सीता, देवी कुन्ती, द्रौपदी, गान्धारीके जीवन-चरित्रका अनूठा चित्रण, जिसमें उनके पति-प्रेम, पति-सेवा, त्याग, सहिष्णुता, निर्भयता आदि गुणोंके विषयमें ऐसा मनोहर वर्णन किया गया है जिसे पढ़कर आँखोंसे प्रेमाश्रु छलक पड़ें। मूल्य रु० ४ (कोड नं० 1221) ओड़िआमें भी उपलब्ध।

▲ **सच्चा सुख और उसकी प्राप्तिके उपाय (कोड नं० 293) पॉकेट साइज**—प्रस्तुत पुस्तकमें इस भौतिकवादी युगमें इन्द्रिय सुखकी अनित्यता तथा उसके परिणाममें दु:खकी प्राप्ति बताते हुए सच्चा सुख अर्थात् भगवत्प्राप्तिके विविध साधनोंका ब्रह्मलीन श्रीजयदयालजी गोयन्दकाद्वारा बहुत सुन्दर ढंगसे वर्णन किया गया है। मूल्य रु० १.५० (कोड नं० 1050) गुजराती (कोड नं० 1501) अंग्रेजीमें भी उपलब्ध।

▲ **संत-महिमा (कोड नं० 294) पॉकेट साइज**—प्रस्तुत पुस्तकमें ब्रह्मलीन श्रीजयदयालजी गोयन्दकाकी अमरकृति तत्त्व-चिन्तामणि भाग ४ से उद्धृत संत-महात्माओंकी महिमा तथा उनके प्रभावका बड़ा ही मनोहर चित्रण है। मूल्य रु० १.५० (कोड नं० 1048) गुजराती और (कोड नं० 1038) ओड़िआमें भी उपलब्ध।

▲ **सत्संगकी कुछ सार बातें (कोड नं० 295) पॉकेट साइज**—व्यावहारिक जीवनमें उतारनेयोग्य भगवत्प्राप्तिके उद्देश्यसे संकलित ब्रह्मलीन श्रीजयदयालजी गोयन्दकाके अनुभूत उपदेशोंका सुन्दर संकलन। मूल्य रु०२ (कोड नं० 296) बँगला, (कोड नं० 466) तमिल, (कोड नं० 678) तेलुगु, (कोड नं० 1040) ओड़िआ, (कोड नं० 844) गुजराती (कोड नं० 1279) मराठी और (कोड नं० 1013) अंग्रेजीमें भी उपलब्ध।

▲ **श्रीप्रेमभक्ति-प्रकाश एवं ध्यानावस्थामें प्रभुसे वार्तालाप (कोड नं० 299) पुस्तकाकार**—ध्यानके प्रगाढ़ अवस्थामें अनुभूत विचारोंका ब्रह्मलीन श्रीजयदयालजी गोयन्दका-द्वारा एक प्रभावोत्पादक विवेचन। मूल्य रु० ३ (कोड नं० 907) तेलुगु और (कोड नं० 694) अंग्रेजीमें भी उपलब्ध।

▲ **गीताका तात्त्विक विवेचन एवं प्रभाव (कोड नं० 305) पुस्तकाकार**—श्रीमद्भगवद्गीताके चुने हुए श्लोकोंका सुन्दर विवेचन। मूल्य रु० २

▲ **भारतीय संस्कृति तथा शास्त्रोंमें नारीधर्म—कोड नं० 301 (पॉकेट साइज)**—शास्त्रीय प्रमाणोंके आलोकमें नारीधर्मका एक सुन्दर विवेचन। मूल्य रु० २

▲ **सावित्री और सत्यवान् (कोड नं० 310) पुस्तकाकार**—पातिव्रत्य धर्ममें अविचल निष्ठा रखनेवाली तथा पतिको परमेश्वर माननेवाली परमसती सावित्रीका पुराणोंके आधारपर सुन्दर चरित्र-चित्रण। मूल्य रु० २ (कोड नं० 893) गुजराती, (कोड नं० 1384) मराठी, (कोड नं० 609) तमिल, (कोड नं० 664) तेलुगु, (कोड नं० 717) कन्नड़ और (कोड नं० 1220) ओड़िआमें भी उपलब्ध।

▲ **गीता पढ़नेके लाभ और त्यागसे भगवत्प्राप्ति (गजलगीतासहित)—कोड नं० 304, पॉकेट साइज**—गीताकी उपयोगिता, महत्ता तथा गीतोक्त आचरणकी शिक्षा देनेवाली ब्रह्मलीन श्रीजयदयालजी गोयन्दकाकी एक अद्भुत पुस्तक। मूल्य रु० २ (कोड नं० 536) तमिल, (कोड नं० 1060) गुजराती और (कोड नं० 703) असमियामें भी उपलब्ध।

▲ **भगवत्प्राप्तिके विविध उपाय (कोड नं० 309) पुस्तकाकार**—कल्याणप्राप्तिकी विभिन्न युक्तियोंकी एक सरल व्याख्या। मूल्य रु० ३ (कोड नं० 1078) ओड़िआमें भी उपलब्ध।

▲ **परलोक और पुनर्जन्म एवं वैराग्य (कोड नं० 311) पॉकेट साइज**—आत्माकी उन्नति, जगत्‌में धार्मिक भावकी स्थापना तथा पाप-तापसे जन-सामान्यका उद्धार करनेके उद्देश्यसे ब्रह्मलीन श्रीजयदयालजी गोयन्दकाके पुनर्जन्म तथा परलोककी मान्यताको दृढ़ करनेवाले लेखोंका अद्भुत संकलन। मूल्य रु० २ (कोड नं० 1253) ओड़िआमें भी उपलब्ध।

▲ **धर्म क्या है ? भगवान् क्या हैं ? (कोड नं० 306) पॉकेट साइज**—धर्म एवं भगवान्‌के स्वरूपके विवेचनके साथ भगवत्प्राप्तिकी विभिन्न युक्तियोंका सरल भाषामें सुन्दर विश्लेषण। मूल्य रु० २ (कोड नं० 1206) गुजराती, (कोड नं० 482) अंग्रेजी और (कोड नं० 1089) ओड़िआमें भी उपलब्ध।

▲ **भगवान्‌की दया (भगवत्कृपा एवं कुछ अमृत-कण) कोड नं० 307, पॉकेट साइज**—भगवान्‌की दयाको विश्लेषित करनेवाला एक गवेषणात्मक विश्लेषण। मूल्य रु० २ (कोड नं० 725) कन्नड़ (कोड नं० 1051) गुजराती और (कोड नं० 1039) ओड़िआमें भी उपलब्ध।

▲ **व्यापार-सुधारकी आवश्यकता और हमारा कर्तव्य (कोड नं० 314) पॉकेट साइज**—व्यापारी बन्धुओंको सच्चे तथा निश्छल व्यापारकी उपदेशिका तथा कर्तव्य-कर्मकी शिक्षा देनेवाली श्रीजयदयालजी गोयन्दका-द्वारा प्रणीत एक सुन्दर पुस्तक। मूल्य रु० २ (कोड नं० 1055) गुजराती, और (कोड नं० 1170) मराठीमें भी उपलब्ध।

▲ **ईश्वर-साक्षात्कारके लिये नाम-जप सर्वोपरि साधन है और सत्यकी शरणसे मुक्ति (कोड नं० 316) पॉकेट साइज**—भगवन्नाम महिमा एवं सत्य-धर्मका सुन्दर विश्लेषण। मूल्य रु० २ (कोड नं० 672, 913) तेलुगुमें भी।

▲**धर्मके नामपर पाप (कोड नं० 623) पॉकेट साइज**—धर्मकी आड़में पापकर्मकी वृद्धि करनेवाले व्यक्तियों और संस्थाओंसे सावधान करनेवाली एक विशिष्ट पुस्तक। मूल्य रु० २ (कोड नं० 1310) गुजरातीमें भी।

▲**चेतावनी और सामयिक चेतावनी (कोड नं० 315) पॉकेट साइज**—जीवनमें वैराग्यका सञ्चार और कर्तव्यका बोध करानेवाले उपदेशोंका एक सुन्दर संकलन। मूल्य रु० १.५० (कोड नं० 1056) गुजरातीमें भी उपलब्ध।

▲**ईश्वर दयालु और न्यायकारी है और अवतारका सिद्धान्त (कोड नं० 318) पॉकेट साइज**—भगवान्‌की दया और न्यायके प्रतिपादनके साथ उनके जन्म और कर्मके सिद्धान्तोंकी एक सुन्दर व्याख्या। मूल्य रु० २ (कोड नं० 1053) गुजराती एवं (कोड नं० 923) तेलुगुमें भी उपलब्ध।

▲**भगवान्‌का हेतुरहित सौहार्द एवं महात्मा किसे कहते हैं? (कोड नं० 270) पॉकेट साइज**—भगवान्‌के सुहृदयताका तत्त्व समझाकर भगवद्भक्तिकी प्रेरणा और महात्माओंके सच्चे स्वरूपकी व्याख्या करनेवाला ब्रह्मलीन श्रीजयदयालजी गोयन्दकाके महत्त्वपूर्ण लेखोंका संकलन। मूल्य रु० २ (कोड नं० 673) तेलुगुमें भी उपलब्ध।

▲भगवत्प्रेमकी प्राप्ति कैसे हो ? (कोड नं० 271) पॉकेट साइज— प्रेमस्वरूप भगवत्प्रेमकी प्राप्तिहेतु ब्रह्मलीन श्रीजयदयालजी गोयन्दकाके शास्त्रीय एवं अनुभवयुक्त विचारोंका सुन्दर संकलन। मूल्य रु० २

▲ध्यान और मानसिक-पूजा (कोड नं० 302) पॉकेट साइज— भगवान्‌के ध्यान करनेकी सुन्दर विधियोंके साथ उनकी मानसिक पूजाकी एक अनुभवपूर्ण व्याख्या। मूल्य रु० २ (कोड नं० 1127) गुजरातीमें भी उपलब्ध।

▲प्रेमका सच्चा स्वरूप और शोकनाशके उपाय (कोड नं० 326) पॉकेट साइज— परम रहस्यमय प्रेमतत्त्व एवं दुःखके कारण तथा उसके निवारणके विषयपर ब्रह्मलीन श्रीजयदयालजी गोयन्दकाके महत्त्वपूर्ण लेखोंका सुन्दर संकलन। मूल्य रु० १.५० (कोड नं० 1090) ओड़िआ और (कोड नं० 1054) गुजरातीमें भी उपलब्ध।

नित्यलीलालीन परम श्रद्धेय श्रीहनुमानप्रसादजी पोद्दार (भाईजी)-के अनमोल प्रकाशन

▲ **नारद-भक्ति-सूत्र एवं शाडिण्ल्य भक्ति-सूत्र (कोड नं० 385) पॉकेट साइज**—देवर्षि नारद भक्ति-मार्गके सर्वोत्कृष्ट आचार्य माने जाते हैं। इस पुस्तकमें उनके द्वारा प्रणीत नारद-भक्ति-सूत्रके साथ शाण्डिल्य भक्तिसूत्रका भी सानुवाद प्रकाशन किया गया है। मूल्य रु० २ (कोड नं० 330) बँगला एवं (कोड नं० 499) तमिलमें भी उपलब्ध।

■ **हनुमानचालीसा (कोड नं० 227) पॉकेट साइज**—प्रस्तुत पुस्तकमें नित्य पाठके लिये श्रीहनुमानचालीसा, संकटमोचन-हनुमानाष्टक, हनुमत्-स्तवन, हनुमान्‌जीकी आरती, रामस्तुति, रामावतार तथा शिवपञ्चाक्षर स्तोत्रका भी संग्रह किया गया है। मूल्य रु० १.५० (कोड नं० 1094) हिन्दी-भावार्थ-सहित, मूल्य रु० ४, (कोड नं० 1181) मूल, रंगीन मूल्य रु० २, (कोड नं० 695) लघु आकार, मूल्य रु० १, (कोड नं० 1524) विशिष्ट संस्करण, मूल्य रु० १, (कोड नं० 1525) अति लघु आकार, मूल्य रु० १, (कोड नं० 1528) रोमन वर्णान्तर, अंग्रेजी-अनुवाद, (कोड नं० 828) गुजराती, पॉकेट साइज, (कोड नं० 1198) गुजराती, लघु आकार (कोड नं० 600) तमिल, (कोड नं० 626) बँगला, (कोड नं० 1569) तेलुगु, (कोड नं० 1502) श्रीनामरामायणम् एवं हनुमानचालीसा, लघु आकार (तेलुगु), (कोड नं० 738) कन्नड़, (कोड नं० 1323) असमिया और (कोड नं० 856) ओड़िआमें भी उपलब्ध।

■ **अपरोक्षानुभूति (कोड नं० 203) पुस्तकाकार**—भगवान् शङ्कराचार्यके द्वारा प्रणीत यह छोटी-सी पुस्तिका तत्त्वज्ञानके बहुमूल्य उपदेशोंके रूपमें आत्मसाक्षात्कारका महामन्त्र है। सरल अनुवादके साथ उपलब्ध। मूल्य रु० ३

■ **शिवचालीसा (कोड नं० 228) पॉकेट साइज**—भगवान् शङ्करकी प्रसन्नता तथा भक्तिहेतु उनकी नित्य उपासनाके लिये इस पुस्तकमें शिव-प्रातःस्मरणस्तोत्र, शिवचालीसा, शिव-आरती तथा शिव-पञ्चाक्षर स्तोत्रका प्रकाशन किया गया है। मूल्य रु० २ (कोड नं० 1185) लघु आकार, मूल्य रु० १ (कोड नं० 1515) असमियामें भी उपलब्ध।

■ **दुर्गाचालीसा, विन्ध्येश्वरीचालीसा (कोड नं० 851) पॉकेट साइज**—इस पुस्तकमें भगवती दुर्गाकी उपासनाके लिये दुर्गाचालीसा एवं विन्ध्येश्वरीचालीसाका संग्रह किया गया है। पुस्तकके अन्तमें सौभाग्य अष्टोत्तरशतनाम एवं दुर्गाजीकी आरती भी दी गयी है। मूल्य रु० २ (कोड नं० 1033) लघु आकारमें भी उपलब्ध। मूल्य रु० १

■ **नित्यकर्म-प्रयोग (कोड नं० 139) पुस्तकाकार**—इस पुस्तकमें सन्ध्यो-पासनविधि, नित्य होम, तर्पण-विधि, देव-पूजन, बलिवैश्वदेव, ब्रह्मयज्ञ आदि नित्य प्रयोगके सभी मन्त्रोंका सानुवाद संकलन किया गया है। मूल्य रु० १०

■ **सन्ध्योपासनविधि एवं तर्पण बलिवैश्वदेव-विधि (कोड नं० 210) पुस्तकाकार**—नित्य सन्ध्या-उपासना एवं तर्पण बलिवैश्वदेवविधिका मन्त्रानुवादके साथ सुन्दर प्रकाशन। मूल्य रु० ३

■ **सन्ध्या, सन्ध्या-गायत्रीका महत्त्व और ब्रह्मचर्य (कोड नं० 1471) पुस्तकाकार**—ब्रह्मचर्य-पालनके साथ सन्ध्योपासना एवं गायत्री-उपासनाकी शास्त्रोंमें बड़ी महिमा बतायी गयी है। गायत्री-उपासना परब्रह्मकी उपासना है। इसकी नित्य उपासनासे लौकिक अभ्युदयके साथ सहज ही आत्मकल्याणकी प्राप्ति हो सकती है। प्रस्तुत पुस्तकमें ब्रह्मलीन परम श्रद्धेय श्रीजयदयालजी गोयन्दकाके द्वारा प्रणीत ब्रह्मचर्य और सन्ध्या-गायत्रीके महत्त्वके साथ सन्ध्योपासन-विधिका प्रकाशन किया गया है। सम्बन्धित विषयोंका एक साथ समावेश होनेके कारण यह पुस्तक सभीके लिये अत्यन्त उपयोगी है। मूल्य रु० ४

■ **सन्ध्या (कोड नं० 614)**—इसमें त्रिकाल सन्ध्याके सविधि मन्त्र दिये गये हैं, जो नित्यकर्मके लिये विशेष सहायक हैं। मूल्य रु० २

■ **साधक-दैनन्दिनी (कोड नं० 236) पुस्तकाकार**—इसमें साधकोंके लिये नित्य पालनीय और त्यागनेयोग्य नियमोंकी तालिका दी गयी है। मूल्य रु० २

बालकोपयोगी पाठ्य पुस्तकें एवं कल्याणकारी प्रकाशन

■ **बालक-अङ्क (कल्याण वर्ष २७) कोड नं० 573, ग्रन्थाकार**—इस विशेषाङ्कमें बालकोंके लिये जीवनमें अनुकरणीय आदर्श चरित्रोंका अद्भुत संग्रह है। इसमें भगवान्‌के लीलाचरित्रोंके साथ विश्वके प्रमुख देशभक्तों, राजनीतिज्ञोंके बाल-चरित्र, गुरु एवं मातृ-पितृ भक्त बालकोंके बाल-चरित्र तथा सत्यपर बलिदान होनेवाले बालकोंके बालचरित्रका कथानकोंके रूपमें मार्मिक चित्रण किया गया है। इसका अध्ययन तथा मनन बालकोंके जीवनको उन्नत बनानेमें विशेष सहायक है। मूल्य रु० ११०

■ **बालपोथी** —गीताप्रेसका उद्देश्य है—भारतीय संस्कृति और सभ्यताके उत्कृष्ट संवाहक संस्कारवान् एवं सच्चरित्र बालकोंका निर्माण। इस उद्देश्यकी सिद्धिके लिये यहाँसे सतत बालोपयोगी सत्साहित्यका सृजन एवं प्रकाशन होता रहता है। इस पुस्तकमें सम्पूर्ण वर्णमाला रंगीन बहुरंगे चित्रोंके साथ दी गयी है और प्रत्येक अक्षरके साथ दो वस्तुओंके रंगीन चित्र दिये गये हैं। चित्रोंमें उन्हीं वस्तुओंका ज्ञान कराया गया है जिनसे बच्चोंके मनपर अच्छे संस्कार पड़ें और उनके मस्तिष्कका सही दिशामें विकास हो। पुस्तकके प्रारम्भमें भगवान्‌की सुन्दर प्रार्थना तथा अन्तमें स्वर, स्वरोंकी पहचान, हिन्दी वर्णमाला, व्यंजनोंकी पहचान, अंग्रेजी वर्णमाला एवं एकसे सौतक गिनती दी गयी है।

बालपोथीके विभिन्न भाग

कोड	पुस्तक-नाम	मूल्य रु०	कोड	पुस्तक-नाम	मूल्य रु०
■ 1316	बालपोथी (शिशु) रंगीन ग्रन्थाकार	१०	■ 212	बालपोथी भाग-२	३
			■ 684	बालपोथी भाग-३	३
■ 125	बालपोथी (रंगीन) भाग-१	४	■ 764	बालपोथी भाग-४	७
■ 461	बालपोथी सामान्य भाग-१	३	■ 765	बालपोथी भाग-५	७

■ **आओ बच्चों तुम्हें बतायें (कोड नं० 215) पुस्तकाकार**—इस पुस्तकमें सूरज, धरती, हिमालय आदिके सरल भाषामें परिचयके साथ बालकोंको विभिन्न पक्षियों एवं वस्तुओंके विषयमें जानकारी दी गयी है। मूल्य रु० ३

■ **बालककी दिनचर्या (कोड नं० 216) पुस्तकाकार**—इस पुस्तकमें बालकोंको दैनिक व्यवहारसे परिचित कराया गया है। १८ पाठोंमें विभक्त इस पुस्तकमें प्रातः जागरणसे लेकर सायंकाल तकके नियमित क्रिया-कलापकी सुन्दर रूपरेखा प्रस्तुत की गयी है। इसके अतिरिक्त इसमें स्वास्थ्यके नियमोंके ज्ञानके साथ उनके अनुसार जीवन बनानेकी प्रेरणा दी गयी है। मूल्य रु० ३

■ **बालकके गुण (कोड नं० 214) पुस्तकाकार**—इस पुस्तकमें १९ पाठ हैं। इसमें बच्चोंको सत्य, दया, क्षमा, सहनशीलता, नम्रता, सादगी, पवित्रता, श्रद्धा, सच्चा सुख आदि अनेक सद्गुणोंसे कथात्मक शैली तथा सरल भाषामें परिचित कराया गया है। पुस्तकके अन्तमें कुछ पालन करनेयोग्य वेद-वचनोंका भी संग्रह किया गया है। मूल्य रु० ४

■ **बालकोंकी सीख (कोड नं० 217) पुस्तकाकार**—इस पुस्तकमें बालकोंके मनपर उत्तम संस्कार डालनेवाली छोटे-छोटे वाक्योंमें अत्यन्त सुन्दर शिक्षा दी गयी है। इसमें कृतज्ञ रहो, प्रतिज्ञा करो, आदर, प्रणाम करो, आज्ञापालन, घमण्ड मत करो आदि १६ पाठ हैं। इस पुस्तकका स्वाध्याय बालकके चरित्र-निर्माणमें विशेष सहायक है। मूल्य रु० ३

■ **बालकके आचरण (कोड नं० 219) पुस्तकाकार**—यह पुस्तक सोलह पाठोंमें विभाजित है। इसमें देशकी लाज, धर्मका पालन, त्यागनेयोग्य काम, स्मरण रखो, अच्छे पुरुष, बुरे पुरुष, धन, बल, बुद्धि आदिका सदुपयोग आदि विभिन्न विषयोंपर बालकोंको सुन्दर एवं व्यावहारिक शिक्षा दी गयी है। मूल्य रु० ३

■ **बालकोंकी बातें (कोड नं० 145) पुस्तकाकार**—इस पुस्तकमें बातचीतके रूपमें बालकोंके लिये बहुत उत्तम उपदेश दिये गये हैं। इसमें ईश्वर-भक्ति, बालकोंके अच्छे काम, बाँटकर खाना, स्वदेश प्रेम, बालकोंका निश्चय आदि विषयोंपर सरल भाषामें अत्यन्त सुन्दर प्रकाश डाला गया है। मूल्य रु० ७

■ **बाल-अमृत-वचन (कोड नं० 218) पुस्तकाकार**—इस पुस्तकमें दीन-दुःखियोंके प्रति कर्तव्य, दया, परोपकार, सत्य-वचन, उत्तम व्यवहार, क्रोधका त्याग, मित्रता, भगवान्‌पर भरोसा आदि विभिन्न विषयोंपर सरल भाषामें प्रकाश डाला गया है। पुस्तकके अन्तमें कुछ नीतिपरक दोहे और कुण्डलियाँ भी दी गयी हैं। मूल्य रु० ३

■ **बाल-प्रश्नोत्तरी (कोड नं० 696) पुस्तकाकार**—इस पुस्तकमें २१ प्रश्न एवं उनके उत्तरके माध्यमसे बालकको विभिन्न धार्मिक विषयोंकी सुन्दर शिक्षा दी गयी है। मूल्य रु० ३ (कोड नं० 1401) गुजरातीमें भी उपलब्ध।

■ **बालकोंकी बोल-चाल (कोड नं० 213) पुस्तकाकार**—इस पुस्तकमें बालकोंको दैनिक व्यवहारकी जानकारी दी गयी है। वे किस प्रकार बोलें, बैठें, पढ़ें, लिखें एवं किस प्रकार सफाई और सावधानी रखें आदि बातें अत्यन्त सरल ढंगसे समझायी गयी हैं। इसके अतिरिक्त इसमें स्वास्थ्यके प्रारम्भिक नियमोंसे भी परिचित कराया गया है। मूल्य रु० ३

■ **बड़ोंके जीवनसे शिक्षा (कोड नं० 146) पुस्तकाकार**—इस पुस्तकमें सत्यवादी हरिश्चन्द्र, महाराज रघु, महाराज दिलीप, महर्षि दधीच, लिखित मुनि, कर्ण, संयमराय, भामासाह, शिवाजी आदि महापुरुषोंके जीवन-चरित्रका अत्यन्त सरल भाषा एवं छोटे-छोटे वाक्योंमें चित्रण किया गया है। मूल्य रु० ७ (कोड नं० 1342) ओडिआमें भी उपलब्ध।

■ **पिताकी सीख (कोड नं० 150) पुस्तकाकार**—इस पुस्तकमें बालकोंको खान-पान एवं स्वास्थ्य-सम्बन्धी जानकारियोंसे परिचित कराया गया है। इसमें हमारी स्वास्थ्य रक्षक सेना, सिगरेट-बीड़ी एवं तम्बाकूसे हानि, पाचन और परिपुष्टि, भोजन-व्यवस्था, पानी, स्वच्छ वायु, मानसिक और आत्मिक शुद्धि आदि दस विषयोंपर बड़ा ही सुन्दर प्रकाश डाला गया है। मूल्य रु० ८ (कोड नं० 1400) गुजरातीमें भी उपलब्ध।

■ **आदर्श चरितावली (कोड नं० 516) पुस्तकाकार**—इस पुस्तकमें भगवान् ऋषभदेव, भगवान् बुद्ध आदि भगवद् अवतारों, शंकराचार्य, वल्लभाचार्य आदि मत प्रवर्तकों एवं विभिन्न अन्य आचार्योंके उपदेशोंके साथ उनका संक्षिप्त जीवन-परिचय दिया गया है। मूल्य रु० ३

आदर्श ऋषि-मुनि (कोड नं० 396)—इस पुस्तकमें सनकादि, देवर्षि नारद, ब्रह्मर्षि वशिष्ठ, महर्षि विश्वामित्र आदि १६ ऋषि-मुनियोंके चरित्रका उनकी शिक्षाओंके साथ प्रकाशन किया गया है। मूल्य रु० ५

■ **आदर्श देश-भक्त (कोड नं० 397) पुस्तकाकार**—इस पुस्तकमें भारतवर्षके महान् देशभक्त नेताओं—श्रीदादाभाई नौरोजी, सर फिरोजशाह मेहता, लोकमान्य तिलक, पंडित मदन मोहन मालवीय, महात्मा गाँधी, रवीन्द्रनाथ टैगोर, लाला लाजपत राय, नेताजी सुभाषचन्द्र बोस आदिके ३२ प्रेरक चरित्रोंका उनके शिक्षाओंके साथ संग्रह किया गया है। मूल्य रु० ५

■ **आदर्श सन्त (कोड नं० 399) पुस्तकाकार**—इस पुस्तकमें संत ज्ञानेश्वर, श्रीनामदेव, संत एकनाथ, समर्थ स्वामी रामदास, श्रीरामकृष्ण परमहंस, स्वामी विवेकानन्द, स्वामी रामतीर्थ आदि ३२ संतोंके संक्षिप्त परिचयके साथ उनके उपदेशोंका संग्रह है। मूल्य रु० ५

■ **आदर्श सम्राट् (कोड नं० 398) पुस्तकाकार**—इस पुस्तकमें सम्राट् अशोक, सम्राट् समुद्रगुप्त, सम्राट् हर्षवर्धन, रानी एलिजाबेथ, बादशाह अकबर, महाराणा प्रताप, शिवाजी, गुरु गोविन्द सिंह, नेपोलियन बोनापार्ट, महारानी लक्ष्मीबाई आदि ३२ आदर्श राजाओंके सुन्दर एवं संक्षिप्त जीवन-परिचयके साथ कविताओंमें उनके जीवनसे शिक्षाका प्रकाशन किया गया है। मूल्य रु० ५

■ **आदर्श सुधारक (कोड नं० 402) पुस्तकाकार**—यह पुस्तक महात्मा जरथुस्त्र, हजरत मूसा, महात्मा सुकरात, दार्शनिक प्लेटो, महात्मा टालस्टाय, राजा राममोहन राय, ईश्वरचन्द्र विद्यासागर, स्वामी दयानन्द सरस्वती आदि ३२ प्रसिद्ध समाज सुधारकोंके जीवन-परिचयके साथ उनके मुख्य उपदेशोंका सुन्दर संकलन है। मूल्य रु० ४

■ **वीर बालक (कोड नं० 148) पुस्तकाकार सामान्य** —इस पुस्तकमें भगवान् श्रीरामके पुत्र लव-कुश, वीर अभिमन्यु, वीर बालक भरत, बालक शिवाजी आदि १९ पुराण एवं इतिहास प्रसिद्ध बालकोंके चरित्रका सुन्दर चित्रण किया गया है। मूल्य रु० ६ (कोड नं० 1437) रंगीन, मूल्य रु० ७ एवं (कोड नं० 1422) गुजराती (कोड नं० 1545) अंग्रेजीमें भी उपलब्ध।

■ **गुरु और माता-पिताके भक्त बालक (कोड नं० 149) पुस्तकाकार सामान्य**—गुरु तथा माता-पिताकी भक्ति भारतीय संस्कृतिका प्रधान अंग है। इस पुस्तकमें बालक आरूणि, बालक उपमन्यु, श्रीगणेशजी, श्रवणकुमार, बालक भीष्म आदि १९ बालकोंका सुन्दर चरित्र संगृहीत है। मूल्य रु० ६ (कोड नं० 1451) रंगीन, मूल्य रु० ७ (कोड नं० 1423) गुजराती तथा (कोड नं० 1445) अंग्रेजीमें भी उपलब्ध।

■ **सच्चे और ईमानदार बालक (कोड नं० 152) पुस्तकाकार सामान्य**— सच्चाई और ईमानदारी मानवकी सबसे मूल्यवान् सम्पत्ति है। इस पुस्तकमें सुकरात, नेपोलियन, गोपाल कृष्ण गोखले, महारानी विक्टोरिया आदिके बाल्य जीवनके प्रेरक प्रसंगोंका अनुपम संग्रह है मूल्य रु० ५ (कोड नं० 1450) रंगीन, मूल्य रु० ६ (कोड नं० 1545) अंग्रेजी भी उपलब्ध।

■ **दयालु और परोपकारी बालक-वालिकाएँ (कोड नं० 155) पुस्तकाकार सामान्य**—इस पुस्तकमें उत्कृष्ट आदर्शोंके प्रेरणास्रोत २३ दयालु और परोपकारी बालक-बालिकाओंके छोटे-छोटे सचित्र चरित्र प्रकाशित किये गये हैं। विभिन्न सद्गुणोंके प्रेरक ये चरित्र बालक-बालिकाओंके लिये पठनीय तथा उपयोगी हैं मूल्य रु० ५ (कोड नं० 1449) रंगीन, मूल्य रु० ६ (कोड नं० 1424) गुजराती तथा (कोड नं० 1445) अंग्रेजीमें भी उपलब्ध।

■ **वीर वालिकाएँ (कोड नं० 156) पुस्तकाकार**—इस पुस्तकमें १६ वीर बालिकाओंके सुन्दर तथा आदर्श चरित्र प्रकाशित किये गये हैं। ये चरित्र अपूर्व त्याग तथा बलिदानके सजीव चित्र हैं। इनका स्वाध्याय बालक-बालिकाओंके मस्तिष्कपर उत्कृष्ट आदर्शोंकी अमिट छाप अंकित कर देता है मूल्य रु० ५ (कोड नं० 1448) रंगीन, मूल्य रु० ६ (कोड नं० 1425) गुजरातीमें भी उपलब्ध।

■ **स्वास्थ्य, सम्मान और सुख (कोड नं० 727) पुस्तकाकार**—सुन्दर जीवन-जीनेके लिये स्वास्थ्य, सम्मान और सुख-शान्तिसे पूर्ण जीवन आवश्यक है। इस पुस्तकमें स्वास्थ्यके लिये ५०, सम्मानके लिये २४ तथा सुखके लिये ९ सूत्रात्मक नियमोंकी जानकारी दी गयी है। यदि बालक इन नियमोंको अपने जीवनका अंग बना लें तो उनका जीवन स्वास्थ्य, सम्मान और सुखसे परिपूर्ण हो जायगा। मूल्य रु० ३

■ **लघुसिद्धान्तकौमुदी (कोड नं० 897) पुस्तकाकार**—संस्कृत विद्यार्थियोंके लिये विशेष उपयोगी इस पुस्तकमें टिप्पणीके द्वारा कठिन सूत्रोंका अर्थ सरल संस्कृतमें देकर उदाहृत पदोंमें उनका समन्वय दिखाया गया है। प्रत्येक प्रकरणके कठिन पदोंका संस्कृतमें साधन दिया गया है और उदाहरणमें आये हुए प्रत्येक पदोंका अर्थ भी दिया गया है। कारक भावकर्म, कर्मकर्तृ आदि गम्भीर प्रकरणोंका मर्म सरलतासे समझाया गया है एवं कृदन्त शब्दोंके मूल धातुओंका परिचय कराया गया है। विभिन्न दृष्टियोंसे यह पुस्तक संस्कृतके अध्यापकों और विद्यार्थियों दोनोंके लिये विशेष उपयोगी है। मूल्य रु० १८

सर्वोपयोगी महत्त्वपूर्ण प्रकाशन

■ **मनोबोध (कोड नं० 202) पुस्तकाकार**—इस पुस्तकमें समर्थ स्वामी श्रीरामदासके द्वारा प्रणीत एवं मराठी साहित्यमें 'मनाचे श्लोक' के नामसे विख्यात २०५ पदोंका मूलसहित हिन्दी-अनुवाद दिया गया है। ये पद साहित्यकी मनोभूमिको संस्कारित करनेके साथ ज्ञान, वैराग्य, भक्तिके सच्चे व्याख्याताके रूपमें भगवत्पथके सच्चे मार्गदर्शक हैं। मूल्य रु० ५

■ **श्रमण नारद (कोड नं० 746) पुस्तकाकार**—इस छोटी-सी पुस्तिकामें कर्म सिद्धान्तके रहस्योंका सरल भाषामें सुन्दर कथात्मक चित्रण किया गया है। मूल्य रु० २

■ **महाकुम्भ-पर्व (कोड नं० 1300) पुस्तकाकार**—इस पुस्तकमें महाकुम्भ-पर्वके उद्भव-विकास एवं माहात्म्यका वेदों एवं पुराणोंके आधारपर सरल भाषामें सुन्दर परिचय दिया गया है। पुस्तकके अन्तमें तीर्थोंमें पालनीय नियमोंका भी उल्लेख किया गया है। मूल्य रु० ५

■ **सप्तमहाव्रत (कोड नं० 747) पुस्तकाकार**—राष्ट्रपिता महात्मा गाँधीके द्वारा सत्य, अहिंसा आदि सात विषयोंपर दिये गये उपदेशोंका एक सुन्दर संकलन। मूल्य रु० ३

■ **मननमाला (कोड नं० 196) पुस्तकाकार**—इसमें ईश्वर, भक्ति, ज्ञान आदि विषयोंसे सम्बन्धित आत्मबोधक सूत्रोंका सुन्दर संकलन है। मूल्य रु० १.२५

■ **मानसिक दक्षता (कोड नं० 57) पुस्तकाकार**—संसारमें सफलता, समृद्धि और सुख पानेके लिये आत्मिक बल और मानसिक कार्यक्षमता आवश्यक है। प्रशिक्षित मनके द्वारा ही लौकिक और पारलौकिक उन्नतिकी साधना सम्भव है। इस पुस्तकमें विद्वान् लेखक श्रीराजेन्द्रबिहारी लालने मनोविज्ञानकी उन सभी शिक्षाओंका संकलन किया है, जो व्यवहार और अनुभवकी कसौटीपर खरी उतर चुकी हैं। इसके स्वाध्याय एवं अनुपालनसे कोई भी महत्त्वाकांक्षी व्यक्ति अपनी योग्यताको बढ़ा सकता है। मूल्य रु० २०

■ **आशाकी नयी किरणें (कोड नं० 60) पुस्तकाकार**—समस्त अद्भुत सिद्धियाँ मनुष्यके मन और आत्मामें निवास करती हैं। सतत पुरुषार्थ तथा उद्योगका आश्रय ग्रहण करके व्यक्ति सफलताके शिखरपर पहुँच सकता है। इस पुस्तकमें डॉ० रामचरण महेन्द्रके अनेक प्रेरणादायक निबन्धोंका संकलन है। मूल्य रु० १६

■ **अमृतके घूँट (कोड नं० 119) पुस्तकाकार**—मानवमात्रको विकास और आत्मपरिस्कारकी शिक्षा देनेवाला डॉ० रामचन्द्र महेन्द्रके ओजस्वी निबन्धोंका सुन्दर संकलन। मूल्य रु० १५

■ **आनन्दमय जीवन (कोड नं० 120) पुस्तकाकार**—मनुष्य अपने-आपमें एक दैवी शक्ति-सम्पन्न आत्मा है। उसके कण-कणमें आनन्दका दिव्य प्रवाह है। डॉ० रामचरण महेन्द्रके ओजस्वी विचारोंके रूपमें संकलित यह पुस्तक आध्यात्मिक पथकी परिचायिका तथा मानव-जीवनमें आनन्दमय वातावरणको विकसित करनेवाली है। मूल्य रु० १३

■ **स्वर्ण-पथ (कोड नं० 132) पुस्तकाकार**—इस विशाल संसारमें ईश्वर ही सुख-शान्तिका आगार है। जीवनकी सच्ची समृद्धि प्राप्त करनेके लिये हमें आस्तिक बनकर अपने जीवन एवं आदर्शोंका सही निर्माण करना चाहिये। डॉ० रामचरण महेन्द्रके द्वारा प्रणीत यह पुस्तक तुम महान् हो, निराशाका अन्त, जागते रहो, जीवन-धन, अध्यात्म विद्या, गृहस्थमें संन्यास आदि अनेक शीर्षकोंकी सुन्दर व्याख्याके रूपमें आध्यात्मिक स्वर्णपथकी सच्ची परिचायिका है। मूल्य रु० १४

■ **ईश्वर (कोड नं० 542) पुस्तकाकार**—महामना पं० मदनमोहन मालवीयके द्वारा प्रणीत इस पुस्तकमें वेदशास्त्रोंके आधारपर ईश्वर और धर्मका बड़ा ही सुन्दर निरूपण किया गया है। मूल्य रु० २ (कोड नं० 494) अंग्रेजीमें भी।

■ **महकते जीवन-फूल (कोड नं० 55) पुस्तकाकार**—आत्मनियन्त्रण एवं आत्मपरिष्कारके द्वारा स्वयंको पूर्ण विकसित फूलके रूपमें परिष्कृत करके सज्जनता सद्व्यवहारकी दिव्य सुगन्धिसे जगत्को सुवासित कर देना सच्ची मानवता है। यह पुस्तक मनुष्यके जीवनका परिष्कार करके अनेक सद्गुणोंसे अलंकृत करनेवाले डॉ० रामचरण महेन्द्रके अनेक शोधपूर्ण विचारोंका अनुपम संग्रह है। मूल्य रु० २०

■ **जीवनमें नया प्रकाश (कोड नं० 59) पुस्तकाकार**—मनुष्य-जीवन शुद्ध अर्थोंमें मनुष्य ही बननेके लिये है। डॉ० रामचरण महेन्द्रके द्वारा प्रणीत यह पुस्तक जीवनमें नवीन चेतनाका सञ्चार करनेवाली आशावादी विचारोंका अनुपम कोश है। इसमें आप अमृत-संतान है, आशाकी जीवन ज्योति, एक रहस्यकी बात, व्यवहारका उपहार, हमने मौतको टाला है आदि ४२ निबन्धोंका सुन्दर संकलन है। मूल्य रु० १५

■ **क्या करें, क्या न करें ? (कोड नं० 1381) पुस्तकाकार**—श्रीराजेन्द्र कुमार धवनके द्वारा संकलित एवं सम्पादित इस पुस्तकमें लगभग १०५ ग्रन्थोंके आधारपर आचार-व्यवहार-सम्बन्धी उपदेशोंका संग्रह किया गया है। वर्तमान समयमें यह पुस्तक सर्व-सामान्यको शास्त्रीय व्यवहारसे परिचित करानेकी दृष्टिसे विशेष उपयोगी है। मूल्य रु० १८

■ **प्रेमयोग (कोड नं० 64) पुस्तकाकार**—प्रेम मानव-भावनाका सर्वोत्कृष्ट परिचय है। जगत्में परमात्माके वास्तविक स्वरूपका परिचय प्रेम ही है। प्रस्तुत पुस्तक श्रीवियोगी हरिजीके द्वारा प्रणीत हिन्दू, मुसलमान, ईसाई प्राय: सभी धर्मावलम्बियोंके प्रेम-सम्बन्धी सूक्तियोंके आधारपर एक सरस एवं स्वस्थ आलोचनात्मक व्याख्या है। मोह और प्रेम, प्रेमका अधिकारी, लौकिकसे पारलौकिक प्रेम, प्रेममें अनन्यता, दास्य, वात्सल्य, सख्य प्रेम आदि विविध विषयोंकी सुन्दर व्याख्याके रूपमें यह पुस्तक नित्य पठनीय एवं संग्रहणीय है। मूल्य रु० १८

कल्याणकारी दोहा-संग्रह (गीताप्रेस-परिचयसहित) (कोड नं० 774)— प्रस्तुत पुस्तकमें गोस्वामी श्रीतुलसीदासजी, संत कबीर, संत दादूदयाल, संत सुन्दरदास, संत पलटू साहब, संत दरिया साहब, सहजोबाई, रहीम तथा नारायण स्वामी आदि संतोंके कल्याणकारी दोहोंके संग्रहके साथ गीताप्रेस, गीताद्वार तथा लीला-चित्रमन्दिरका विस्तृत परिचय दिया गया है। पुस्तकमें गीताप्रेस, लीला-चित्रमन्दिर एवं गीताद्वारके चारों दिशाओंके आकर्षक एवं बहुरंगे चित्र भी दिये गये हैं। मूल्य रु० ५

■ **प्रेम-सत्संग-सुधा-माला (कोड नं० 387) पुस्तकाकार—** यह पुस्तक परमात्माकी उपासनात्मक कलाकी विभिन्न उपदेशोंके रूपमें गुँथी हुई १०८ पुष्पोंकी ऐसी माला है, जिसका स्वाध्याय संसारमें रहते हुए भगवान्‌की भक्ति करनेका अनुपम सूत्र प्रदान करता है। मूल्य रु० १२

■ **प्रश्नोत्तरी (कोड नं० 668) पॉकेट साइज—** भगवान् शंकराचार्यके द्वारा प्रणीत यह पुस्तक प्रश्नोत्तर शैलीमें वेदान्तके तत्त्वज्ञानकी सुन्दर परिचायिका है। मूल्य रु० २

■ **उद्धव-सन्देश (कोड नं० 501) पुस्तकाकार—** श्रीमद्भागवतमें भगवान् श्रीकृष्णके द्वारा अपने प्रिय सखा उद्धवके माध्यमसे व्रजाङ्गनाओंको सन्देश भेजनेका प्रसंग अत्यन्त मार्मिक है। इस पुस्तकमें श्रीभगवान्‌की परदुःखकातरता, दूत-प्रेषणकी सार्थकता, व्रजकी शुभ यात्रा, नन्दराजका दीनभाव, गोपियोंकी मर्मव्यथा, वेदनापूर्ण व्रजवार्ता आदि ३२ विषयोंके रूपमें उद्धव-सन्देशकी अत्यन्त ही सरस तथा साहित्यिक व्याख्या प्रस्तुत की गयी है। मूल्य रु० १३

■ **भगवान् श्रीकृष्ण (कोड नं० 191) पुस्तकाकार—** इस पुस्तकमें कंसके अत्याचारसे लेकर भगवान् श्रीकृष्णके स्वधाम गमनतककी सम्पूर्ण लीलाओंका सरल तथा सरस भाषामें बड़ा ही सुन्दर वर्णन प्रस्तुत किया गया है मूल्य रु० ५ (कोड नं० 1333) मराठी, (कोड नं० 895) गुजराती, (कोड नं० 601) तमिल, (कोड नं० 1107) कन्नड़ और (कोड नं० 641) तेलुगुमें भी उपलब्ध।

■ **भगवान्‌पर विश्वास (कोड नं० 195) पुस्तकाकार—** इस पुस्तिकामें प्रेमीभक्त भाई लारेन्सके चार भाषण और पन्द्रह पत्रोंका संग्रह है। इसमें भगवान्‌पर विश्वास-सम्बन्धी महत्त्वपूर्ण अनुभवों और साधनोंका बड़ा ही सुन्दर चित्रण किया गया है। मूल्य रु० ५

■ **भगवान् राम (कोड नं० 193) पुस्तकाकार**—बालक-बालिकाओंको भगवान् श्रीरामके आदर्श चरित्रका ज्ञान करानेके उद्देश्यसे तैयार की गयी इस पुस्तकमें श्रीरामावतार, बालक्रीड़ा और शिक्षा, यज्ञरक्षा, जानकी-स्वयंवर, रामविवाह, वनवास, सीताहरण, लंकादहन, राम-रावण-युद्ध, रामराज्य आदि समस्त प्रसंगोंकी बड़ी सुन्दर प्रस्तुति की गयी है मूल्य रु० ५ (कोड नं० 1085) गुजरातीमें भी उपलब्ध।

■ **तत्त्वविचार (कोड नं० 130) पुस्तकाकार**—श्रीज्वालाप्रसादजी कानोडियाके द्वारा प्रणीत इस पुस्तकमें ईश्वरतत्त्व, श्रीकृष्णभक्तिरसतत्त्व, श्रीरामतत्त्व, श्रीशिवतत्त्व, शक्ति-उपासनातत्त्व, योगतत्त्व, साधनतत्त्व आदि विविध विषयोंपर बड़ी सुन्दर व्याख्या प्रस्तुत की गयी है। विभिन्न दृष्टियोंसे यह पुस्तक सबके लिये मननीय है। मूल्य रु० ९

■ **विवेक चूड़ामणि-सानुवाद (कोड नं० 133) पुस्तकाकार**—भगवान् शंकराचार्यके द्वारा विरचित ग्रन्थोंमें विवेक चूड़ामणिका विशेष स्थान है। इसमें ब्रह्मनिष्ठाका महत्त्व, ज्ञानोपलब्धिका उपाय, प्रश्न-निरूपण, आत्मज्ञानका महत्त्व, पञ्चप्राण, आत्म-निरूपण, मुक्ति कैसे होगी? आत्मज्ञानका फल आदि तत्त्वज्ञानके विभिन्न विषयोंका अत्यन्त सुन्दर निरूपण किया गया है। मूल्य रु० १२ (कोड नं० 1460) बंगला और (कोड नं० 910) तेलुगु अनुवादमें भी उपलब्ध।

▲ **गर्भपात उचित या अनुचित फैसला आपका (कोड नं० 701) पुस्तकाकार**—भ्रूणहत्या सम्पूर्ण मानव-जातिपर कलङ्क है। इस पुस्तकमें गर्भपातमें हत्या अनिवार्य है, भ्रूणहत्याकी विधियाँ, गर्भपात करानेसे माँको भी खतरें, गर्भस्थ बच्चेकी हत्याका आँखों देखा विवरण, भ्रूणहत्या कानूनकी दृष्टिमें, लिङ्ग-परीक्षण अभिशाप आदि विभिन्न विषयोंके माध्यमसे भ्रूण-हत्याका मार्मिक चित्रण करते हुए इस पुस्तकके लेखक श्रीगोपीनाथ अग्रवालके द्वारा इस कुकृत्यको रोकनेकी सलाह दी गयी है। मूल्य रु० ३ (कोड नं० 826) ओडिआ, (कोड नं० 762) बँगला, (कोड नं० 742) तमिल, (कोड नं० 752) तेलुगु, (कोड नं० 802) मराठी, (कोड नं० 804) गुजराती, (कोड नं० 838) कन्नड़ एवं (कोड नं० 783) अंग्रेजीमें भी उपलब्ध।

■ **सुखी जीवन (कोड नं० 131) पुस्तकाकार**—यह पुस्तक दो बहनोंके संवादके रूपमें लिखी गयी आध्यात्मिक जीवनकी अनुपम पाठशाला है। इसमें सुखकी खोज, शान्तिका साधन, प्रेममें परमेश्वर, धर्मका रहस्य, दिव्य संदेश, दुःखका घर, बोध-वाटिका आदि १९ विषयोंकी विभिन्न धार्मिक उपाख्यानोंके माध्यमसे अत्यन्त सुन्दर व्याख्या प्रस्तुत की गयी है। मूल्य रु० १०

▲ **हम कैसे रहें ? (कोड नं० 1461) पुस्तकाकार**—इस संसारमें मानव-जन्मका उद्देश्य आदर्श मानव बननेके साथ-साथ जन्म-मृत्युके बन्धनसे मुक्तिकी साधना है। भारतीय ऋषियोंके द्वारा प्रणीत शास्त्र हमें संसारमें जीनेकी कला और जीवनके सिद्धान्त (मुक्तिकी साधना)-की अनुपम शिक्षा देते हैं। इस पुस्तकमें आर्ष-ग्रन्थोंसे संकलित विभिन्न प्रेरक कथाओंके माध्यमसे संसारमें रहनेकी व्यावहारिक शिक्षाके साथ आत्म-कल्याणके सुगम उपायोंकी सुन्दर जानकारी प्रस्तुत की गयी है। मूल्य रु० ८

■ **एक लोटा पानी (कोड नं० 122) पुस्तकाकार**—श्रीपारसनाथ सरस्वतीके द्वारा प्रणीत यह पुस्तक जीवनमें उच्च आदर्शोंकी स्थापनामें सुन्दर सहायिका है। इसमें एक लोटा पानी, बलिदान, मूर्तिमान् परोपकार, भक्त रविदास, अहिंसाकी विजय आदि २४ कहानियोंका अनुपम संग्रह है। मूल्य रु० १२

■ **सती द्रौपदी (कोड नं० 134) पुस्तकाकार**—भारतीय सतियोंमें सती द्रौपदीका चरित्र अतुलनीय है। इस पुस्तकमें पुण्यश्लोका सती द्रौपदीके चरित्रका महाभारतके आधारपर स्वामी अखण्डानन्दजी सरस्वती-के द्वारा अत्यन्त मनोहर चित्रण किया गया है। मूल्य रु० ९

■ **परलोक और पुनर्जन्मकी सत्य घटनाएँ (कोड नं० 888) पुस्तकाकार**—भारतीय संस्कृति और हिन्दू धर्ममें पुनर्जन्मका सिद्धान्त निर्विवाद रूपमें स्वीकार किया गया है। जीव अपने कर्मानुसार समय-समयपर विभिन्न योनियोंमें जन्म लेता है और सुख-दुःखका फल भोगता है। इस पुस्तकमें पुनर्जन्मके सिद्धान्तको पुष्ट करनेवाली २४ सत्य घटनाओंका कथानकके रूपमें सुन्दर चित्रण किया गया है। मूल्य रु० १२, (कोड नं० 1496) बंगलामें भी उपलब्ध।

■ **भवन-भास्कर (कोड नं० 1217) पुस्तकाकार**—इस पुस्तकमें पुराणादि विभिन्न शास्त्रोंके आधारपर वास्तुशास्त्रकी प्रमुख सार बातोंका सुन्दर संग्रह है। इसमें भवन-निर्माणकी शास्त्रीय कलाके सुन्दर विवेचनके साथ वास्तुदोष निवारणके कुछ उपाय भी बतलाये गये हैं। मूल्य रु० १०

■ **गरुड़पुराण-सारोद्धार (सानुवाद) (कोड नं० 1416) पुस्तकाकार**—यह ग्रन्थ अत्यन्त पवित्र तथा पुण्यदायक है। श्राद्ध और प्रेतकार्यके अवसरोंपर विशेषरूपसे इसके श्रवणका विधान है। इस ग्रन्थमें मूल संस्कृत श्लोंकोंके साथ उनका सरल हिन्दी-अनुवाद दिया गया है। यह कर्मकाण्डी ब्राह्मणों एवं सर्व सामान्यके लिये भी अत्यन्त उपयोगी तथा प्रामाणिक ग्रन्थ है। मूल्य रु० २०

■ **उपयोगी कहानियाँ (कोड नं० 137) पुस्तकाकार**—कहानियाँ मनुष्य-जीवनमें प्रेरणास्रोतका कार्य करती हैं। इस पुस्तकमें भला आदमी, सच्चा लकड़हारा, दयाका फल, मित्रकी सलाह, अतिथि-सत्कार आदि ३६ प्रेरक कहानियोंका अनुपम संग्रह है। सरल तथा रोचक भाषामें संगृहीत ये कहानियाँ बालकोंके जीवन-निर्माणमें विशेष सहायक हैं। मूल्य रु० ८ (कोड नं० 919) तेलुगु, (कोड नं० 127) तमिल, (कोड नं० 1513) बंगला, (कोड नं० 724) कन्नड़ एवं (कोड नं० 934) गुजरातीमें भी उपलब्ध।

■ **सती सुकला (कोड नं० 157) पुस्तकाकार**—भारतवर्ष सतियों एवं पतिव्रताओंकी पुण्यभूमि है। आजके आधुनिक सभ्यताके प्रलोभनोंके बीच चलनेवाली माताओंके लिये सतियोंका चरित्र ही सच्चा पथप्रदर्शक है। इस पुस्तकमें पद्मपुराणके आधारपर सती सुकलाके पातिव्रत धर्मका ९ प्रकरणोंमें अत्यन्त सुन्दर वर्णन किया गया है। मूल्य रु० ४

■ **चोखी कहानियाँ (कोड नं० 147) पुस्तकाकार**—इस छोटी-सी पुस्तिकामें अत्यन्त सरल तथा रोचक भाषामें भगवान्‌का भरोसा, अधम बालक, स्वाधीनताका सुख, सत्य बोलो, सर्वस्व दान आदि ३२ सुन्दर कहानियोंका प्रकाशन किया गया है। मूल्य रु० ५ (कोड नं० 1169) मराठी, (कोड नं०1399) गुजराती, (कोड नं० 692) तेलुगु और (कोड नं० 646) तमिलमें भी उपलब्ध।

■ **हृदयकी आदर्श-विशालता (कोड नं० 161) पुस्तकाकार**—इस पुस्तकमें कल्याणके (पढ़ो, समझो और करो) शीर्षकमें पूर्व प्रकाशित सत्य घटनाओंका ईश्वर प्रार्थनाका फल, सेठकी सहृदयता, गरीबकी ईमानदारी, बड़ोंका पुण्य, आनन्दके आँसू, चिथड़ेमें छिपे लाल आदि विभिन्न ५९ शीर्षकोंमें संग्रह किया गया है। आदर्श गुणोंके प्रेरक ये विभिन्न प्रसंग पठनीय तथा अनुकरणीय हैं। मूल्य रु० १०

■ **आदर्श उपकार (कोड नं० 159) पुस्तकाकार**—यह पुस्तक कल्याणमें समय-समयपर प्रकाशित सत्य घटनाओंका प्रेरक प्रसंगोंके रूपमें ऐसा मार्मिक चित्रण है कि इसे पढ़ते-पढ़ते आँखोंसे प्रेमाश्रु छलक पड़ें। आदर्श उपकार, स्वप्नके स्वरूपमें सत्य, बहूकी बुद्धि, विद्यालयकी मित्रता आदि ४८ प्रसंगोंके रूपमें वर्णित ये प्रेरक प्रसंग पठनीय तथा अनुकरणीय हैं। मूल्य रु० १०

■ **असीम नीचता और असीम साधुता (कोड नं० 510) पुस्तकाकार**—कल्याणमें 'पढ़ो, समझो और करो' शीर्षकके अन्तर्गत पूर्व प्रकाशित प्रेरक प्रसंगोंके इस संग्रहमें दानव और देवता, तांगेवालेकी ईमानदारी, मनुष्यका कर्तव्य, सहानुभूति, जीवन-दान आदि ७१ आदर्श घटनाओंका प्रकाशन किया गया है। पुस्तकमें संगृहीत सभी घटनाएँ भगवद्विश्वासको बढ़ानेमें सहायक तथा मानव-चरित्रके पराकाष्ठाको रेखाङ्कित करनेवाली हैं। मूल्य रु० १०

■ **उपकारका बदला (कोड नं० 162) पुस्तकाकार**—प्रस्तुत पुस्तक कल्याणमें 'पढ़ो, समझो और करो' शीर्षकमें पूर्व प्रकाशित सत्य घटनाओंका संग्रह है। इसमें उपकारका बदला, दरिद्रकी सेवा, कृतज्ञता, भगवान्‌का वरदान, गुप्त-दान आदि मानव-जीवनमें सात्त्विकताका संचार करनेवाले ५९ प्रेरक स्वर्ण सूत्रोंका संग्रह है। मूल्य रु० १०

■ **आदर्श मानव-हृदय (कोड नं० 163) पुस्तकाकार**—यह पुस्तक कल्याणमें 'पढ़ो, समझो और करो' शीर्षकके अन्तर्गत प्रकाशित सत्य घटनाओंका आदर्श मानव-हृदय, आदर्श आत्म-बलिदान, नमकका बदला, बहूका आदर्श त्याग आदि ६५ प्रसंगोंके रूपमें सुन्दर संकलन है। ये घटनाएँ मानवताको सद्गुणोंसे अलंकृत करनेवाली तथा जीवनमें शान्ति, सुख तथा सद्भावकी जनक हैं। मूल्य रु० १०

■ **कलेजेके अक्षर (कोड नं० 160) पुस्तकाकार**—यह पुस्तक कल्याणमें पूर्व प्रकाशित सत्य घटनाओंका कलेजेके अक्षर, कर्जका भय, उपकार, अमृतका प्रवाह, भक्तकी ईमानदारी, नमककी महिमा आदि ५५ प्रेरक प्रसंगोंके रूपमें अनुपम चित्रण है। मूल्य रु० १०

■ **भगवान्‌के सामने सच्चा सो सच्चा (कोड नं० 164) पुस्तकाकार**—इस पुस्तकमें कल्याणमें 'पढ़ो, समझो और करो' शीर्षकमें पूर्व प्रकाशित प्रेरक घटनाओंका संग्रह है। इसमें संगृहीत सत्संगतिका परिणाम, सच्ची तीर्थयात्रा, मूक मानवता, सेवाका प्रकाश आदि ६२ प्रेरक प्रसंग रोचक एवं उपदेशप्रद तथा जीवन-पथके सुन्दर प्रदीप हैं। मूल्य रु० १०

■ **मानवताका पुजारी (कोड नं० 165) पुस्तकाकार**—कल्याणमें 'पढ़ो, समझो और करो' शीर्षक रूपमें पूर्व प्रकाशित सत्य घटनाओंका संग्रह यह पुस्तक मानवताका पुजारी, मनुष्यमें देवता, कर्तव्य-पालन, आत्माकी आवाज, आदर्श ईमानदारी आदि ६० प्रेरक प्रसंगोंसे अलंकृत है। मूल्य रु० १०

■ **परोपकार और सच्चाईका फल (कोड नं० 166) पुस्तकाकार**—कल्याणके 'पढ़ो, समझो और करो' शीर्षकके अन्तर्गत पूर्व प्रकाशित सत्य घटनाओंके संग्रहके रूपमें प्रकाशित यह पुस्तक माँका हृदय, दया, अद्भुत त्याग, मिट्टीका खेल आदि १०५ प्रेरक प्रसंगोंकी सुन्दर संवाहिका है। मूल्य रु० १०

■ **एक महात्माका प्रसाद (कोड नं० 129) पुस्तकाकार**—महात्माओंकी महिमा अवर्णनीय है। उनका मुख्य कार्य संसारसे अज्ञानान्धकारका नाश करके विमल ज्ञानका प्रकाश करना है। महात्माओंका संसारमें निवास लोक-कल्याणके लिये ही होता है। प्रस्तुत पुस्तक ऐसे ही एक तत्त्वज्ञानी महात्माके संसार-सागरसे उद्धार करनेवाले अमूल्य उपदेशोंका संकलन है। इसमें चित्तशुद्धिका उपाय, योग, बोध और प्रेम, गुणोंके अभिमानसे हानि, सत्संग करनेकी रीति आदि विभिन्न ३० प्रकरणोंमें साधनाके अमृत-उपदेशोंका सुन्दर संकलन है। मूल्य रु० १८

■ **सत्संग-माला एवं ज्ञानमणिमाला (कोड नं० 151) पुस्तकाकार**—यह पुस्तक ज्ञान, वैराग्य, भक्ति, जगत्, जीव, ब्रह्म, माया आदि विभिन्न आध्यात्मिक विषयोंपर उपदेशोंकी सूत्रात्मक व्याख्या है। मूल्य रु० १०

■ **तेईस चुलबुली कहानियाँ—कोड नं० 827 (पुस्तकाकार)—** मनुष्यको आदर्श-जीवन-जीनेकी प्रेरणा देनेमें कहानियोंकी महत्त्वपूर्ण भूमिका है। इस पुस्तकमें सत्य, दया, त्याग, परोपकार, न्याय आदि सद्गुणोंकी प्रेरणास्रोत २२ सुन्दर कहानियोंका प्रकाशन किया गया है। मूल्य रु० १०

धार्मिक चित्रकथाएँ

■ **बाल-चित्रमय श्रीकृष्णलीला—कोड नं० 190 (ग्रन्थाकार)—** भगवान् श्रीकृष्णकी लीलाएँ अत्यन्त मधुर हैं। इनके स्वाध्यायसे पवित्रता, भक्ति, प्रेम, वैराग्य, ज्ञान आदि दिव्य गुणोंका सञ्चार होता है। इस पुस्तकमें बालक-बालिकाओंको श्रीकृष्ण-लीलासे परिचित करानेके उद्देश्यसे भगवान् श्रीकृष्णकी विभिन्न लीलाओंके ९६ चित्र दिये गये हैं। प्रत्येक चित्रके नीचे चित्रमें दिखायी गयी लीलाका वर्णन याद करनेयोग्य पदोंमें दिया गया है। चित्रके सामने सरल भाषामें चित्रमें प्रदर्शित लीलाका सुन्दर एवं सरल भाषामें वर्णन भी किया गया है। सुन्दर चित्रावरणसे युक्त अच्छे आर्टपेपर पर छापी गयी ये लीलाएँ बालक-बालिकाओंके लिये विशेष उपयोगी हैं। मूल्य रु० १२

■ **बालचित्र रामायण (सम्पूर्ण)—कोड नं० 1032 (पुस्तकाकार)—** भगवान् श्रीराम भारतीय संस्कृतिके प्राण हैं। इस पुस्तकमें भगवान् श्रीरामकी विभिन्न लीलाओंके ९६ चित्र दिये गये हैं और प्रत्येक चित्रके नीचे चित्रमें दर्शायी गयी लीलाका काव्यात्मक वर्णन दिया गया है। यह पुस्तक छोटे बच्चोंको रामचरित्रका ज्ञान करानेकी दृष्टिसे विशेष उपयोगी है। मूल्य रु० ४

श्रीकृष्णलीला—(कोड नं० 1114 (राजस्थानी शैली १८ वीं शताब्दी)— इस पुस्तकमें अठारहवीं सदीके प्रख्यात चित्रकारोंके द्वारा हस्तनिर्मित भगवान् श्रीकृष्णकी विभिन्न लीलाओंके ३६ चित्र दिये गये हैं। प्रत्येक चित्रके साथ राजस्थानी, हिन्दी तथा अंग्रेजी भाषामें चित्रमें दर्शायी गयी लीलाका वर्णन दिया गया है। २८×४४.५ से०मी० के आकारमें सुन्दर एवं मोटे आर्टपेपरपर प्रकाशित इस पुस्तकके विभिन्न चित्र भारतीय चित्रकलाके पारखियोंके लिये अनुपम उपलब्धि हैं। मूल्य रु० १००

■ **श्रीमद्भागवतके प्रमुख पात्र—(कोड नं० 1488 (ग्रन्थाकार)—** प्रस्तुत पुस्तकमें भगवान् श्रीकृष्ण, बलराम, श्रीवसुदेवजी, माता देवकी,

नन्दबाबा, माता यशोदा, श्रीकृष्णके व्रजसखा, गोपियाँ, अक्रूरजी, श्रीकृष्ण सखा उद्धव, महाराज मुचुकुन्द, प्रद्युम्नजी, श्रीकृष्णसखा सुदामा, गोकर्ण महाराज परीक्षित आदि श्रीमद्भागवतके सत्रह महत्त्वपूर्ण पात्रोंके जीवन-वृत्तका सरल भाषामें भावात्मक परिचय दिया गया है। प्रत्येक चरित्रके साथ सम्बन्धित आकर्षक बहुरंगे रंगीन चित्र भी दिये गये हैं। यह पुस्तक सबके लिये प्रेरक सामग्रीसे युक्त है। मूल्य रु० १५

श्रीमद्भागवतकी प्रमुख कथाएँ (कोड नं० 1537)—श्रीमद्भागवतकी कथाएँ मानव-जीवनमें नैतिक मूल्योंकी स्थापना, उच्च आदर्शोंकी प्रतिष्ठा, कर्तव्यनिष्ठा, सहकारिता आदि सद्गुणोंकी प्रतिष्ठामें विशेष सहायक हैं। चित्रकथाकी इस पुस्तकमें भगवान् वराह, नर-नारायण, भगवान् कपिल, सतीका आत्मदाह, भक्तराज ध्रुव, जडभरत, भक्त प्रह्लाद आदिकी सत्रह प्रमुख कथाओंको अत्यन्त सरल एवं भावात्मक शैलीमें श्रीमद्भागवतके आधारपर प्रस्तुत किया गया है। प्रत्येक कथाके साथ सम्बन्धित आकर्षक एवं बहुरंगे चित्र भी दिये गये हैं। मूल्य रु० १५

■ **भगवान् सूर्य (कोड नं० 868)**—भारतमें सूर्योपासनाका इतिहास अत्यन्त प्राचीन है। गणेश, शिव, शक्ति, विष्णु आदि पुराण प्रसिद्ध देवताओंमें भगवान् सूर्यदेव अन्यतम हैं। पुराणोंमें द्वादश मासादित्योंके रूपमें भगवान् सूर्यके बारह स्वरूपोंकी सुन्दर चर्चा है। इस पुस्तकमें मासादित्योंके रूपमें भगवान् सूर्यके बारह स्वरूपोंके अलग-अलग ध्यान, परिचय, लीलाकथा तथा व्रतादिका सरल भाषामें सुन्दर चित्रण किया गया है। प्रत्येक मासादित्य-परिचयके बायें पृष्ठपर सुन्दर आर्टपेपरपर शास्त्रीय नियमोंके अनुसार बनावाये गये उनके उपासनायोग्य आकर्षक चित्र भी दिये गये हैं। पुस्तकके अन्तमें सूर्यस्तोत्र भी संगृहीत है। मूल्य रु० १५

■ **एकादश रुद्र (शिव)— (कोड नं० 1156), बृहदाकार**—३७×२७ से०मी०—भगवान् रुद्र आशुतोष होनेके कारण अपने उपासकोंपर शीघ्र प्रसन्न हो जाते हैं। पुराणों तथा शैवागममें इनके एकादश स्वरूपोंकी चर्चा है। शैवागममें इनके नाम शम्भू, पिनाकी-गिरीश, स्थाणु, भर्ग, सदाशिव, शिव, हर, शर्व, कपाली तथा भव बतलाये गये हैं। इस पुस्तकमें प्रामाणिक

ग्रन्थोंके आधारपर एकादश रुद्रोंके ध्यान, परिचय तथा लीलाका अत्यन्त मनोहर चित्रण किया गया है। प्रत्येक रुद्रके परिचयके साथ उसके बायें पृष्ठपर उनका आकर्षक चित्र भी दिया गया है। इसके अतिरिक्त इसमें औढरदानी शिव, हरिहरात्मक शिव, अर्धनारीश्वर शिव, पञ्चमुख शिव, गङ्गाधर शिव तथा महामत्युञ्जय शिवकी लीला-कथाओंके साथ आकर्षक चित्र दिये गये हैं। मूल्य रु० ५०

■ **कन्हैया—कोड नं० 869 (ग्रन्थाकार)—** श्रीमद्भागवतके दशम स्कन्धके आधारपर लिखी गयी चित्रकथाके इस भागमें भगवान् श्रीकृष्णके जन्मसे लेकर माखन-लीलातककी नौ लीलाओंका सरल भाषामें सजीव चित्रण किया गया है। कथाकी भाषा-शैली इतनी सरस और रोचक है कि आबाल-वृद्ध सभी लोग श्रीकृष्ण-लीलाके मधुर प्रसंगोंका सहज ही आनन्द उठा सकते हैं। प्रत्येक कथाके साथ सुन्दर आर्टपेपरपर लीलासे सम्बन्धित आकर्षक चित्र भी दिये गये हैं। मूल्य रु० १०(कोड नं० 1096) बँगला, (कोड नं० 647) तमिल, (कोड नं० 1224) गुजराती और (कोड नं० 1249) ओड़िआमें भी उपलब्ध।

■ **गोपाल (कोड नं० 870) ग्रन्थाकार—** भगवान् श्रीकृष्णकी बाल-लीलाएँ परम मंगलमयी तथा अमृतस्वरूप हैं। इस पुस्तकमें भगवान् श्रीकृष्णके द्वारा बलरामकी यशोदाके समक्ष शिकायतसे लेकर वत्सासुर-उद्धारतककी नौ बाल लीलाओंका सरल भाषामें सुन्दर वर्णन किया गया है। पुस्तकमें प्रत्येक बाललीलाका बहुरंगा आकर्षक चित्र भी दिया गया है। मूल्य रु० १० (कोड नं० 1097) बँगला भी उपलब्ध।

■ **मोहन (कोड नं० 871) ग्रन्थाकार—** श्रीकृष्ण-चित्रकथाके इस भागमें ब्रह्माजीके मोहभंगसे लेकर श्रीकृष्णके द्वारा दर्जी और मालीपर कृपातककी नौ सुन्दर लीलाओंके वर्णनके साथ उनके आकर्षक एवं बहुरंगे चित्र भी दिये गये हैं। पुस्तकमें दावाग्नि-पान, गोवर्धन-पूजा, रासलीला आदि कथाओंका वर्णन इतना सरस है कि उन्हें बार-बार पढ़नेकी इच्छाका पाठक संवरण नहीं कर पाता है। मूल्य रु० १० (कोड नं० 1098) बँगला, (कोड नं० 1225) गुजराती, (कोड नं० 1491) अंग्रेजी और (कोड नं० 1248) ओड़िआमें भी उपलब्ध।

■ **श्रीकृष्ण (कोड नं० 872) ग्रन्थाकार**—भगवान् श्रीकृष्णकी लीलाएँ इतनी सरस तथा रोचक हैं कि उन्हें पढ़कर मन भगवत्कृपाके अगाध सिन्धुमें गोते लगाने लगता है। श्रीकृष्ण-चित्रकथाका यह भाग कुवलयापीडके उद्धारसे लेकर भगवान् श्रीकृष्णके परमधाम-गमनतक नौ सुन्दर तथा चुनी हुई लीलाओंसे सजाया गया है। प्रत्येक कथाके साथ उससे सम्बन्धित आकर्षक बहुरंगे चित्र भी दिये गये हैं। मूल्य रु० १० (कोड नं० 1123) बँगला और (कोड नं० 648) तमिलमें भी उपलब्ध।

■ **श्रीकृष्णलीला-दर्शन (कोड नं० 1418) पुस्तकाकार**—प्रस्तुत पुस्तक उस शृंखलामें एक नूतन कड़ी है। इसमें भगवान्‌के प्राकट्यसे लेकर परधाम-प्रस्थानतककी लीलाओंको सत्रह प्रमुख शीर्षकोंमें समायोजित करनेका प्रयास किया गया है। बालकोंके लिये यह विशेष उपयोगी हो सके, इसका ध्यान रखते हुए भाषामें सरलताका समावेश है। प्रत्येक लीलाके साथ उनसे सम्बन्धित रंगीन चित्र दिये गये हैं। मूल्य रु० १०

महाभारतकी प्रमुख कथाएँ (कोड नं० 1538) ग्रन्थाकार—चित्रकथाकी इस पुस्तकमें महाभारतकी सत्रह प्रमुख कथाओंको सरल एवं भावपूर्ण शैलीमें प्रस्तुत किया गया है। प्रत्येक कथाके साथ आकर्षक एवं बहुरंगे चित्र भी दिये गये हैं। मूल्य रु० १५

■ **नवग्रह (कोड नं० 1018) ग्रन्थाकार**—भारतमें नवग्रह-उपासनाका इतिहास अत्यन्त पुराना है। प्रत्येक हिन्दू अपने त्रितापोंके शमन एवं भौतिक उन्नतिके लिये समय-समयपर नवग्रहोंकी उपासना करता है। इस पुस्तकमें शास्त्रोंके आधारपर नवग्रहोंके उद्भव-विकास, ध्यान और परिचयके साथ उनकी उपासनाके मन्त्र दिये गये हैं। प्रत्येक ग्रह-परिचयके साथ उस ग्रहका बहुरंगा आकर्षक चित्र दिया गया है। मूल्य रु० १०

■ **पौराणिक देवियाँ (कोड नं० 1420) ग्रन्थाकार**—इस पुस्तकमें सती सावित्री, सती अनसूया, माता कौसल्या, माता सुमित्रा, माता कैकेयी, माता देवकी, माता यशोदा एवं सती द्रौपदीके त्याग, बलिदान, भगवद्भक्ति, पातिव्रत्य आदि आदर्श गुणोंका पुराणोंके आधारपर अत्यन्त सरस चित्रण किया गया है। प्रत्येक चरित्रके साथ उससे सम्बन्धित आकर्षक रंगीन चित्र भी दिये गये हैं। यह पुस्तक माताओं, बहनोंके लिये आदर्श शिक्षिका है। मूल्य रु० १०

■ **रामायणके प्रमुख पात्र (कोड नं० 1443) ग्रन्थाकार**—भारतीय समाज और संस्कृतिका सबसे उदात्तस्वरूप हमें रामायणके चरित्रोंमें उपलब्ध होता है। प्रस्तुत पुस्तकमें भगवान् श्रीराम, महर्षि वसिष्ठ, महर्षि विश्वामित्र, महाराज दशरथ, श्रीभरत, श्रीलक्ष्मण, श्रीशत्रुघ्न, माता कौसल्या, माता सुमित्रा, माता कैकेयी, भगवती सीता, हनुमान्, सुग्रीव और विभीषण आदिके चरित्र-चित्रणके साथ उनसे सम्बन्धित बहुरंगे चित्र भी दिये गये हैं। मूल्य रु० १५

■ **प्रमुख ऋषिमुनि (कोड नं० 1442) ग्रन्थाकार**—इस पुस्तकमें भगवान् व्यास, देवर्षि नारद, महात्मा शुकदेव, भगवान् शंकराचार्य, गोस्वामी तुलसीदास आदि १७ संत-भक्तोंके चरित्रका उनके आकर्षक बहुरंगे चित्रोंके साथ सजीव चित्रण किया गया है। मूल्य रु० १५

■ **रामलला (कोड नं० 1016) ग्रन्थाकार**—भगवान् श्रीरामका चरित्र अनन्त आदर्श गुणोंका आगार तथा भारतीय संस्कृतिका प्राण है। चित्रकथाकी इस पुस्तकमें मनु-शतरूपाको वरदान, देवताओंकी प्रार्थना, श्रीरामावतार, सच्चिदानन्दके ज्योतिषी, दशरथके भाग्य आदि श्रीरामकी सत्रह बाल-लीलाओंका अत्यन्त ही मनोहर चित्रण किया गया है। प्रत्येक लीलाके साथ उससे सम्बन्धित आकर्षक एवं बहुरंगे चित्र भी दिये गये हैं। मूल्य रु० १५ (कोड नं० 1492) अंग्रेजीमें भी।

■ **श्रीराम (कोड नं० 1017) ग्रन्थाकार**—भगवान् श्रीरामके पावन चरित्रका परिचायक चित्रकथाका यह दूसरा भाग विश्वामित्रके साथ गमन, ताड़का उद्धार, यज्ञ-रक्षा, पुष्पवाटिकामें राम-लक्ष्मण, परशुराम-लक्ष्मण-संवाद, श्रीराम-विवाह, केवटके भाग्य आदि सत्रह सुन्दर कथाओंसे सुसज्जित किया गया है। प्रत्येक कथा-प्रसंगके साथ बहुरंगे आकर्षक चित्र भी दिये गये हैं। मूल्य रु० १५

■ **भगवान् श्रीराम (कोड नं० 1394) पुस्तकाकार**—प्रस्तुत पुस्तकमें भगवान् श्रीरामकी प्रमुख आदर्श लीलाओंका संकलन किया गया है। मुख्यरूपसे इसमें सत्रह लीलाएँ हैं। प्रत्येक लीलाके सामने उससे सम्बन्धित आकर्षक रंगीन चित्र भी दिया गया है। बालकोंके लिये पुस्तक विशेष उपयोगी सिद्ध हो सके, इसका ध्यान रखते हुए सरल भाषा और छोटे-छोटे वाक्योंका प्रयोग इसमें किया गया है। मूल्य रु० १०

■ **राजाराम (कोड नं० 1116) ग्रन्थाकार—** श्रीराम-चित्रकथाका यह तीसरा भाग भगवान् रामके अनुपम गुणों तथा त्यागमय चरित्रका सुन्दर उदाहरण है। चित्रकथाके इस भागमें श्रीभरतको पादुका-दानसे लेकर श्रीराम-राज्याभिषेकतककी चुनी हुई सत्रह सुन्दर लीलाओंका अनोखा संगम है। प्रत्येक कथाके साथ उससे सम्बन्धित आकर्षक चित्र भी दिये गये हैं। जीवनमें आदर्श चरित्रकी प्रतिष्ठा तथा बालकोंको चरित्रवान् बनानेकी दृष्टिसे इसका स्वाध्याय तथा संग्रह करना चाहिये। मूल्य रु० १५

■ **मुझे बचाओ, मेरा क्या कसूर? (कोड नं० 862) ग्रन्थाकार—** समाजमें गर्भपातकी उत्तरोत्तर बढ़ती हुई प्रवृत्तिको रोकनेकी दिशामें इस पुस्तकका प्रकाशन एक लघु प्रयास है। इसमें गर्भस्थ शिशुकी हत्याका आँखों देखा हाल प्रस्तुत किया गया है। यह पुस्तक अमेरिकन डॉ० बोनार्ड नाथेसन्सके द्वारा बनायी गयी फिल्म 'द साइलेन्ट स्क्रीम' (मूक चीख) के आधारपर तैयार की गयी है। इस पुस्तकमें मूक चीखके सचित्र चित्रणके साथ बालकका गर्भमें विकास, भ्रूण-हत्याकी विधियाँ, डॉक्टरोंके सुझाव और इस कुकृत्यको रोकनेके लिये कुछ संत-महात्माओं तथा विचारकोंके उपदेशोंका संकलन है। मूल्य रु० १५

■ **दशमहाविद्या (कोड नं० 1278) ग्रन्थाकार—** दशमहाविद्याओंका सम्बन्ध भगवान् शिवकी आद्याशक्ति भगवती पार्वतीसे है। उन्हींकी स्वरूपा शक्तियाँ काली, तारा, छिन्नमस्ता, षोडशी, भुवनेश्वरी, त्रिपुरभैरवी, धूमावती, वगलामुखी मातङ्गी और कमला-नामसे प्रसिद्ध दशमहाविद्याएँ हैं। इस पुस्तकमें दशमहाविद्याओंके उद्भव, विकास, ध्यान और परिचयके साथ उनके उपासनायोग्य बहुरंगे चित्र दिये गये हैं। पुस्तकके अन्तमें दशमहाविद्यास्तोत्र भी संगृहीत है मूल्य रु० १० (कोड नं० 1439) बंगलामें भी उपलब्ध।

■ **अष्टविनायक (कोड नं० 829) ग्रन्थाकार—** इस पुस्तकमें मुद्गल पुराणके आधारपर श्रीगणेशजीके आठ अवतारोंकी लीला-कथाओंका सरल भाषामें मनोहर चित्रण किया गया है। श्रीगणेशजीकी प्रत्येक कथाके साथ उससे सम्बन्धित श्रीगणेशजीके विभिन्न वाहनोंपर सवार बहुरंगे चित्र भी दिये गये हैं। पुस्तकके प्रारम्भमें नित्य-पठनीय गणेश-स्तोत्र भी दिया गया है। मूल्य रु० १० (कोड नं० 1010) ओडिआ, (कोड नं० 857) मराठी और (कोड नं० 1226) गुजरातीमें भी उपलब्ध।

■ **जय हनुमान (कोड नं० 787) ग्रन्थाकार**—भारतीय जनताके लिये श्रीहनुमान्‌जीका चरित्र सदैवसे प्रेरणाका स्रोत रहा है। इस पुस्तकमें श्रीहनुमानजीकी सत्रह लीलाओंका ऐसा अनोखा चित्रण है, जो पाठकोंको मन्त्रमुग्ध कर देता है। हनुमान्‌जीकी प्रत्येक लीलाके साथ उससे सम्बन्धित आकर्षक चित्र भी दिये गये हैं। आकर्षक चित्रावरणसे युक्त यह पुस्तक सबके लिये पठनीय है। मूल्य रु० १५ (कोड नं० 887) तेलुगु और (कोड नं० 1009) ओड़िआमें भी उपलब्ध।

■ **मानस-स्तुति-संग्रह (कोड नं० 1214) ग्रन्थाकार**—इस पुस्तकमें श्रीरामचरितमानसमें देवताओंके द्वारा भगवान्‌की स्तुति, सीताजीके द्वारा पार्वती-स्तुति, अत्रिकृत श्रीरामस्तुति, जटायुकृत श्रीरामस्तुति, ब्रह्माकृत श्रीरामस्तुति, शिवकृत श्रीरामस्तुति, वेदकृत श्रीरामस्तुति तथा शिवस्तुतिका सचित्र संग्रह है। उपासना तथा स्वाध्यायकी दृष्टिसे यह स्तुति संग्रह सबके लिये उपयोगी है। मूल्य रु० १०

■ **हर हर महादेव (कोड नं० 1343) ग्रन्थाकार**—भगवान् शिवकी लीलाएँ अनन्त हैं। इस पुस्तकमें विभिन्न पुराणोंके आधारपर भगवान् शिवके द्वारा सृष्टि, अर्धनारीश्वर शिव, सती-जन्म, तप तथा विवाह, सतीका योगाग्निमें आत्मदाह, दक्ष-यज्ञ-विध्वंस, पार्वती-जन्म, तप, काम-दहन आदि चुनी हुई सत्रह लीलाओंका सचित्र चित्रण किया गया है। मूल्य रु० १५

■ **ॐ नमः शिवाय (कोड नं० 204)**—विशाल भारतके अनेकों स्थानोंपर लिङ्गरूपसे भगवान् शिवकी पूजा-अर्चना होती चली आ रही है। ये स्वल्प उपासनासे प्रसन्न होकर भक्तोंको मनोवाञ्छित फल प्रदान करते हैं। इस पुस्तकमें भगवान् शिवके द्वादश ज्योतिर्लिङ्गोंका सरल परिचय दिया गया है। इसमें ज्योतिर्लिङ्गोंके उद्भव-विकास तथा माहात्म्यका मनोहर विवेचन है। पुस्तकमें द्वादश ज्योतिर्लिङ्गोंका आकर्षक रंगीन चित्र भी दिया गया है। मूल्य रु० १५ (कोड नं० 1375) कन्नड़ (कोड नं० 1075) बँगला और (कोड नं० 1250) ओडिआमें भी उपलब्ध।

■ **प्रमुख देवियाँ (कोड नं० 1216) ग्रन्थाकार**—भारतीय दर्शनकी आदिशक्ति प्रकृति है। यही कारण है कि भारतीय संस्कृतिमें शक्ति-उपासनाको प्रमुख स्थान दिया गया है। कलिकालमें तो शक्ति-उपासना

सद्यः फलदायी है। इस पुस्तकमें भगवती शक्तिके द्वारा दुर्गा, काली, लक्ष्मी, सरस्वती, गायत्री, पार्वती, सीता, राधा तथा गङ्गाके रूपमें की गयी लीलाओंका सुन्दर परिचय दिया गया है। भगवतीके प्रत्येक लीला-चरित्रके साथ उनके उपासनायोग्य बहुरंगे चित्र भी दिये गये हैं। मूल्य रु० १०

■ **दशावतार (कोड नं० 779) ग्रन्थाकार**—भगवान् धर्मकी स्थापना, साधु संरक्षण तथा भक्तोंको अपने सान्निध्यका आनन्द प्रदान करनेके लिये समय-समयपर अवतार लेते हैं। इस पुस्तकमें भगवान्‌के मत्स्य, कच्छप, वामन, नृसिंह, परशुराम, श्रीराम, श्रीकृष्ण, बुद्ध तथा कल्कि अवतारकी कथाओंका सरल भाषामें सचित्र चित्रण किया गया है। मूल्य रु० १० (कोड नं० 1292) बँगलामें भी उपलब्ध।

■ **नवदुर्गा (कोड नं० 1307) पॉकेट साइज**—इस पुस्तकमें भगवती दुर्गाके नवों स्वरूपोंके ध्यान, परिचयके साथ उनके उपासनायोग्य बहुरंगे चित्र दिये गये हैं। यह पुस्तक यात्रादिमें साथ रखने एवं उपहार देनेकी दृष्टिसे विशेष उपयोगी है। मूल्य रु० ४

■ **नवदुर्गा (कोड नं० 205) ग्रन्थाकार**—सृष्टिकी आदिशक्ति भगवती दुर्गाकी धर्मशास्त्रोंमें अतुलनीय महिमा बतलायी गयी है। नवरात्रके नौ दिनोंमें इनके नौ स्वरूपोंकी उपासना की जाती है। इस पुस्तकमें भगवती दुर्गाके नवों स्वरूपोंके उद्भव, विकास, उपासना तथा उपासनासे प्राप्त होनेवाले फलोंका अत्यन्त सुन्दर वर्णन किया गया है। पुस्तकमें आर्टपेपरपर माँ दुर्गाके नवों स्वरूपोंके आकर्षक तथा रंगीन चित्र भी दिये गये हैं। मूल्य रु० १० (कोड नं० 1301) तेलुगु, (कोड नं० 1228) गुजराती, (कोड नं० 825) असमिया, (कोड नं० 1357) कन्नड़, (कोड नं० 863) ओड़िआ, (कोड नं० 1043) बँगलामें भी उपलब्ध।

■ **प्रमुख देवता (कोड नं० 1215) ग्रन्थाकार**—इस पुस्तकमें भगवान् गणेश, भगवान् सूर्य, भगवान् विष्णु, भगवान् शिव, ब्रह्मा, भगवान् श्रीराम, भगवान् श्रीकृष्ण, रुद्रावतार श्रीहनुमान् तथा यज्ञके अधिष्ठाता श्रीअग्निदेवका शास्त्रों एवं पुराणोंके आधारपर सुन्दर परिचय दिया गया है। प्रत्येक देव-परिचयके बायें पृष्ठपर उनके उपासनायोग्य चित्र भी दिये गये हैं। मूल्य रु० १०

■ **बाल-चित्रमय बुद्धलीला (कोड नं० 537) ग्रन्थाकार**—भगवान् बुद्धका चरित्र परम पवित्र और उदार है। इस पुस्तकमें भगवान् बुद्धकी विभिन्न लीलाओंके ४८ चित्र दिये गये हैं। प्रत्येक चित्रके नीचे कवितामें चित्रमें दर्शायी गयी लीलाका वर्णन दिया गया है। यह पुस्तक बालक-बालिकाओंको भगवान् बुद्धके त्याग एवं वैराग्यसे सम्पन्न चरित्रका परिचय देनेकी दृष्टिसे विशेष उपयोगी है। प्रकाशनकी प्रक्रियामें

■ **बाल-चित्रमय चैतन्यलीला (कोड नं० 194) ग्रन्थाकार**—महाप्रभु चैतन्यदेव एक महान् युगपुरुष थे। इस पुस्तकमें ४८ चित्रोंके माध्यमसे बालक-बालिकाओंको महाप्रभुके सम्पूर्ण जीवन-चरित्रसे परिचित कराया गया है। प्रत्येक चित्रके नीचे उस लीलाका परिचय कवितामें दिया गया है और चित्रके सामने दर्शायी गयी लीलाका सरल भाषामें वर्णन दिया गया है। मूल्य रु० ७, (कोड नं० 1494) ओड़िआ एवं (कोड नं० 1495) बंगलामें भी उपलब्ध।

■ **श्रीकृष्ण-रेखा-चित्रावली (कोड नं० 693) पुस्तकाकार**—इस पुस्तकमें भगवान् श्रीकृष्णके विभिन्न लीला-चित्रोंके साथ सरल काव्यात्मक भाषामें चित्रोंमें दर्शायी गयी लीलाका वर्णन दिया गया है। मूल्य रु० ६

■ **गीता-माहात्म्यकी कहानियाँ (कोड नं० 656) ग्रन्थाकार**—पद्मपुराणमें श्रीमद्भगवद्गीताके पाठका विशेष फल बतलाया गया है। बालक-बालिकाओं तथा सर्व-सामान्यको गीता-पाठकी प्रेरणा देनेवाले अठारहों अध्यायके पद्मपुराणमें वर्णित माहात्म्यको इस पुस्तकमें सरल भाषामें रेखा-चित्रोंके साथ प्रकाशित किया गया है। मूल्य रु० ६ (कोड नं० 1134) तमिल एवं (कोड नं० 1309) तेलुगुमें भी उपलब्ध।

■ **गोसेवाके चमत्कार (कोड नं० 651) ग्रन्थाकार**—गायोंकी महिमा अपार है। प्राचीनसे अर्वाचीन साहित्यतक गो-महिमासे भरे पड़े हैं। इस पुस्तकमें आधुनिक सभ्यतासे प्रभावित भारतीय जन-मानसको गोभक्ति और गो-महिमाका ज्ञान करानेके उद्देश्यसे कल्याणमें पूर्व प्रकाशित गो-सेवाके दिव्य चमत्कारोंका सचित्र संकलन किया गया है। मूल्य रु० १० (कोड नं० 365) तमिलमें भी उपलब्ध।

रंगीन चित्र-प्रकाशन

कोड	चित्रका-नाम	चित्र साइज	
▲ 237	जयश्रीराम-भगवान् श्रीरामकी सम्पूर्ण लीला**	(२३"×३६")	१५
▲ 546	जयश्रीकृष्ण-भगवान् कृष्णकी सम्पूर्ण लीला**	(,,)	१५
▲ 491	हनुमान्‌जी (भक्तराज हनुमान्)	(१८"×२३")	८
▲ 492	भगवान् विष्णु	(,,)	८
▲ 560	लड्डू गोपाल (भगवान् श्रीकृष्णका बालस्वरूप)	(,,)	८
▲ 548	मुरली मनोहर	(,,)	८
▲ 531	बाँके बिहारी	(,,)	८
▲1351	सुमधुर गोपाल	(,,)	८
▲ 776	सीताराम—युगल छबि	(,,)	८
▲ 630	सर्वदेवमयी गौ	(,,)	८
▲ 812	नवदुर्गा (माँ दुर्गाके नौ स्वरूपोंका चित्रण)	(,,)	८
▲1001	जगज्जननी श्रीराधा	(,,)	८
▲1020	श्रीराधा-कृष्ण—युगल छबि	(,,)	८
▲1290	नटराज शिव	(,,)	८
▲1568	भगवान् श्रीराम बालरूपमें	(,,)	८
▲1582	भगवान् श्रीकृष्ण	(,,)	८
▲ 782	रामदरबार	(,,)	८
▲ 437	कल्याण-चित्रावली-I* पुस्तकरूपमें	(ग्रन्थाकार)	८
▲1320	कल्याण-चित्रावली-II* पुस्तकरूपमें	(ग्रन्थाकार)	८

*** चिह्नवाली चित्रावली ५/१० इच्छानुसार, ** चिह्नवाले चित्र १०० चित्रोंके कार्टन पैकमें, शेष १५० चित्रोंके कार्टन पैकमें उपलब्ध हैं। एक ही कार्टन पैकमें मिला-जुलाकर १०० बड़े आकार व १५० छोटे आकारवाले चित्र भी मँगवा सकते हैं।**

'कल्याण' के पुनर्मुद्रित पुराने लोकप्रिय विशेषाङ्क

■ **श्रीकृष्णाङ्क (कल्याण-वर्ष ६, सन् १९३२ ई०) सचित्र, सजिल्द, कोड नं० 1184, ग्रन्थाकार**—इस विशेषाङ्कमें भगवान् श्रीकृष्णके मधुर एवं ज्ञानपरक चरित्रपर अनेक सन्त-महात्मा, विद्वान् विचारकोंके शोधपूर्ण लेखोंका अद्भुत संग्रह है। मूल्य रु० १००

■ **भागवताङ्क (कल्याण-वर्ष १६, सन् १९४२ ई०) सचित्र, सजिल्द, कोड नं० 1104, ग्रन्थाकार**—इस विशेषाङ्कमें भागवतकी महत्तापर विभिन्न विचारकोंके शोधपूर्ण लेखोंके साथ श्रीमद्भागवतकी सम्पूर्ण कथाओंका अनुपम संग्रह है। मूल्य रु० १३०

■**ईश्वराङ्क (कल्याण-वर्ष ७, सन् १९३३ ई०) सचित्र, सजिल्द, कोड नं० 749, ग्रन्थाकार**—यह विशेषाङ्क ईश्वरके स्वरूप, अस्तित्व, विशेषता, महत्त्व आदिका सुन्दर परिचायक है। इसमें ईश्वर-विश्वासी भक्तों, विद्वानों, सन्त-विचारकोंके ईश्वरके अस्तित्वको सिद्ध करनेवाले अनेक शोधपूर्ण लेखोंका अनुपम संग्रह है। मूल्य रु० ९०

■**शिवाङ्क (कल्याण-वर्ष ८, सन् १९३४ ई०) सचित्र, सजिल्द, कोड नं० 635, ग्रन्थाकार**—यह विशेषाङ्क शिवतत्त्व तथा शिव-महिमापर विशद विवेचनसहित शिवार्चन, पूजन, व्रत एवं उपासनापर तात्त्विक और ज्ञानप्रद मार्ग-दर्शन कराता है। द्वादश ज्योर्तिलङ्गोंका सचित्र वर्णन इसके अन्यान्य महत्त्वपूर्ण (पठनीय) विषय हैं। मूल्य रु० १००

■**शक्ति-अङ्क (कल्याण-वर्ष ९, सन् १९३५ ई०) सचित्र, सजिल्द, कोड नं० 41, ग्रन्थाकार**—इसमें परब्रह्म परमात्माके आद्याशक्ति-स्वरूपका तात्त्विक विवेचन, महादेवीकी लीला-कथाएँ एवं सुप्रसिद्ध शाक्त भक्तों और साधकोंके प्रेरणादायी जीवन-चरित्र तथा उनकी उपासनापद्धतिपर उत्कृष्ट उपयोगी सामग्री संगृहीत है। मूल्य रु० १००

■**योगाङ्क (कल्याण-वर्ष १०, सन् १९३६ ई०) सचित्र, सजिल्द, कोड नं० 616, ग्रन्थाकार**—इसमें योगकी व्याख्या तथा योगका स्वरूप-परिचय एवं प्रकार और योग-प्रणालियों तथा अङ्ग-उपाङ्गोंपर विस्तारसे प्रकाश डाला गया है। इसके अतिरिक्त इसमें अनेक योगसिद्ध महात्माओं और योग-साधकोंके जीवन-चरित्रका वर्णन है। मूल्य रु० ९०

■**संत-अङ्क (कल्याण-वर्ष १२, सन् १९३८ ई०) सचित्र, सजिल्द, कोड नं० 627, ग्रन्थाकार**—इसमें उच्चकोटिके अनेक संतों—प्राचीन, अर्वाचीन, मध्ययुगीन एवं कुछ विदेशी भगद्विश्वासी महापुरुषों तथा त्यागी-वैरागी महात्माओंके ऐसे आदर्श जीवन-चरित्र हैं, जो पारमार्थिक गतिविधियों, सार्वभौमिक सिद्धान्तों, त्याग-वैराग्यपूर्ण तपस्वी जीवन-शैलीको उजागर करके आदर्श जीवन-मूल्योंको रेखाङ्कित करते हैं। मूल्य रु० १२५

■**साधनाङ्क (कल्याण-वर्ष १५, सन् १९४१ ई०) सचित्र, सजिल्द, कोड नं० 604, ग्रन्थाकार**—यह अङ्क साधनापरक बहुमूल्य मार्ग-दर्शनसे ओतप्रोत है। इसमें साधना-तत्त्व, साधनाके विभिन्न स्वरूप, ईश्वरोपासना, योगसाधना, प्रेमाराधना आदि अनेक कल्याणकारी साधनों और उनके अङ्ग-उपाङ्गोंका शास्त्रीय विवेचन है। मूल्य रु० १००

■ **सं० वाल्मीकीय रामायणाङ्क (कल्याण-वर्ष १८, सन् १९४४ ई०) सचित्र, सजिल्द, कोड नं० 1002, ग्रन्थाकार**—इस विशेषाङ्कमें श्रीमद्वाल्मीकि रामायणके विभिन्न पक्षोंपर विद्वान् सन्त-महात्माओं, विचारकोंके शोधपूर्ण लेखोंके साथ रामायणकी सम्पूर्ण कथाओंका सुन्दर वर्णन है। मूल्य रु० ६५

■ **नारी-अङ्क (कल्याण-वर्ष २२, सन् १९४८ ई०) सचित्र, सजिल्द, कोड नं० 43, ग्रन्थाकार**—इसमें भारतकी महान् नारियोंके प्रेरणादायी आदर्श चरित्र तथा नारीविषयक विभिन्न समस्याओंपर विस्तृत चर्चा और उनका भारतीय आदर्शोचित समाधान है। नारीमात्रके लिये आत्मबोध करानेवाला यह अत्यन्त उपयोगी और प्रेरणादायी ग्रन्थ है। मूल्य रु० १००

■ **उपनिषद्-अङ्क (कल्याण-वर्ष २३, सन् १९४९ ई०) सचित्र, सजिल्द, कोड नं० 659, ग्रन्थाकार**—इसमें नौ प्रमुख उपनिषदों-(ईश, केन, कठ, प्रश्न, मुण्डक, माण्डूक्य, ऐतरेय, तैत्तिरीय एवं श्वेताश्वतर-) का मूल, पदच्छेद, अन्वय तथा व्याख्यासहित संकलन है। इसके अतिरिक्त इसमें ४५ उपनिषदोंका हिन्दी-भाषान्तर, महत्त्वपूर्ण स्थलोंपर टिप्पणी तथा प्रायः सभी उपनिषदोंका हिन्दी अनुवाद दिया गया है। मूल्य रु० ११०

■ **हिन्दू-संस्कृति-अङ्क (कल्याण-वर्ष २४, सन् १९५० ई०) सचित्र, सजिल्द, कोड नं० 518, ग्रन्थाकार**—यह विशेषाङ्क भारतीय संस्कृतिके विभिन्न पक्षों—हिन्दू-धर्म, दर्शन, आचार-विचार, संस्कार, रीति-रिवाज, पर्व उत्सव, कला-संस्कृति और आदर्शोंपर प्रकाश डालनेवाला तथ्यपूर्ण बृहद् (सचित्र) दिग्दर्शन है। भारतीय संस्कृतिके उपासकों, अनुसन्धानकर्ताओं और जिज्ञासुओंके लिये यह अवश्य पठनीय तथा उपयोगी दिशा-निर्देशक है। मूल्य रु० १२०

■ **भक्त-चरिताङ्क (कल्याण-वर्ष २६, सन् १९५२ ई०) सचित्र, सजिल्द, कोड नं० 40, ग्रन्थाकार**—इसमें भगवद्विश्वासको बढ़ानेवाले भगवद्भक्तों, ईश्वरोपासकों और महात्माओंके जीवन-चरित्र एवं विभिन्न भक्तिपूर्ण भावोंकी ऐसी पवित्र और सरस कथाएँ हैं जो मानव-मनको प्रेम-भक्ति-सुधारससे अनायास सराबोर कर देती हैं। रोचक, ज्ञानप्रद और निरन्तर अनुशीलनयोग्य ये भक्तगाथाएँ भगवद्भक्ति और प्रेमानन्द बढ़ानेवाली तथा शान्ति प्रदान करनेवाली होनेसे नित्य पठनीय हैं। मूल्य रु० १२०

■ **बालक-अङ्क (कल्याण-वर्ष २७, सन् १९५३ ई०) सचित्र, सजिल्द, कोड नं० 573, ग्रन्थाकार**—यह अङ्क बालकोंसे सम्बन्धित सभी

उपयोगी विषयोंका बृहत् संग्रह है। यह सर्वजनोपयोगी होनेके साथ बालकोंके लिये आदर्श मार्ग-दर्शक है। इसमें प्राचीन कालसे अबतकके भारतके महान् बालकों एवं विश्वभरके सुविख्यात आदर्श बालकोंके अनुकरणीय जीवन-वृत्त एवं आदर्श चरित्र बार-बार पठनीय और प्रेरणाप्रद हैं। मूल्य रु० ११०

■ **संतवाणी-अङ्क (कल्याण-वर्ष २९, सन् १९५५ ई०) सचित्र, सजिल्द, कोड नं० 667, ग्रन्थाकार—** संत-महात्माओं और अध्यात्मचेता महापुरुषोंके लोककल्याणकारी उपदेश-उद्बोधनों-(वचन और सूक्तियों-) का यह बृहत् संग्रह प्रेरणाप्रद होनेसे नित्य पठनीय और सर्वथा संग्रहणीय है। मूल्य रु० ११०

■ **सत्कथा-अङ्क (कल्याण-वर्ष ३०, सन् १९५६ ई०) सचित्र, सजिल्द, कोड नं० 587, ग्रन्थाकार,—** जीवनमें भगवत्प्रेम, सेवा, त्याग, वैराग्य, सत्य, अहिंसा, विनय, प्रेम, उदारता, दानशीलता, दया, धर्म, नीति, सदाचार और शान्तिका प्रकाश भर देनेवाली सरल, सुरुचिपूर्ण, सत्प्रेरणादायी छोटी-छोटी सत्कथाओंका यह बृहत् संग्रह सर्वदा अपने पास रखनेयोग्य है। मूल्य रु० १००

